तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 13 मई 2025

12 पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



13 भारतीय सेनाओं की सलामती के लिए पूजा-अर्चना कर मांगी दुआएं





# मुंबई-हावड़ा रेलवे लाइन पर खरसिया-परमालकसा के बीच 278 किमी का नया बाइपास...पाटन, पुरई और भानपुरी में बनेंगे नए स्टेशन

आलोक तिवारी ▶▶| दुर्ग

*मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे लाइन पर नए बाइपास को मंजूरी मिल गई है। 278 किलोमीटर लंबी यह रेलवे लाइन खरसिया से शुरू होकर नया रायपुर, दुर्ग होते हुए राजनांदगांव की सीमा पर परमालकसा के पास मुख्य रेलवे लाइन पर मिलेगी। इस मार्ग पर पांचवीं और छठवीं रेलवे लाइन होगी। वर्तमान में इस मार्ग पर तेजी से ट्रेनों का दबाव बढ़ रहा है, इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसका फायदा दुर्ग जिले को भी मिलने जा रहा है।*

दुर्ग जिले में पाटन, पुरई और भानपुरी में तीन नए रेलवे स्टेशन बनने जा रहे हैं। इस परियोजना में कुल 21 स्टेशनों की मंजूरी दी गई है। इसमें दुर्ग जिले के तीनों स्टेशन शामिल है। आगामी 8 सालों में इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखकर काम शुरू किया जाना है। इस मार्ग के विकसित होने से पाटन, पुरई और भानपुरी क्षेत्र के तेजी से विकसित होने की संभावना बढ़ गई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने पहले ही इस मार्ग पर जमीन की खरीदी-बिक्री को रोक लगा दिया है। जमीन कके अधिग्रहण और अन्य प्रक्रिया शुरू होनी है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं। प्रोजेक्ट से पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा।

हरिभूमि ब्रेकिंग

## नई रेलवे लाइन बिछने के साथ दौड़ेगी एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस मार्ग के शुरू होने से छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चांपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे। इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे और 48 बड़े ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही 349 माइनर ब्रिज बनेंगे। 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का भी निर्माण होगा। स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछेंगी, जिसमें 278 किलोमीटर का रूट है। इस रूट के निर्माण के बाद 8 से ज्यादा मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इस रेल नेटवर्क के निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल बचेगा और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपए के डीजल की बचत होगी।




## परियोजना को मिल चुकी स्वीकृति

" परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इस पर जल्द काम शुरू होना है। 21 स्टेशनों को तैयार किया जाना है, जिस मार्ग से होकर यह रेलवे लाइन गुजरेंगी। इस मार्ग से डेवलप होने से एक नया बाइपास मिलेगा। मेन लाइन पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

-अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियरडीसीएम रायपुर

## दुर्ग के अलावा इन जगहों पर भी बनेंगे नए रेलवे स्टेशन

यह मार्ग खरासिया ओडिशा से शुरू होकर चापरा, कंचापुर, जैजेपुर, करनूर, मिसदा, शिवरीनारायण, चुटरेला, जोंधरा, बलोदाबाजार, रिसदा, परसवानी, खरोरा, भनसुज, गुजरा, गिरहोला, अभनपुर, पाटन, पुरई और भानपुरी होते हुए परमालकसा तक जाएगा। स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे ने बाइपास पद्धति शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत मालगाड़ी को शहर के बाहर से निकालने पर जोर दिया जाना भी तय किया गया है। वहीं यात्री गाड़ियों को शहर के अंदर एंट्री दी जाएगी। इस रेल लाइन के निर्माण के दौरान भी इस पर फोकस रहेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत डोकरा और कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाके भी रेल लाइन के जरिए जुड़ेंगे।

## केंद्र और राज्य सरकार मिलकर करेगी काम, तीन महीने में शुरू होगा काम

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि खरसिया तक बलौदाबाजार और नया रायपुर होते हुए नई रेलवे लाइन का काम अगले तीन महीने में शुरू करने की तैयारी है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम करेगी। अपनी-अपनी भागीदारी निभाएगी। इस परियोजना की प्रारंभिक अधिसूचना 20-ए का प्रकाशन भी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक दुर्ग से खरसिया के बीच आने वाले इस मार्ग पर 120 से अधिक कस्बे और छोटे-बड़े गांवों हैं। यह ट्रैक ऐसे कई गांवों से गुजरेगी जहां ठीक से सड़क भी नहीं है। इससे इन गांवों में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन आने की उम्मीद की जा रही है। यह मार्ग नया रायपुर से परसदा, ठकुराइन टोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा, मानिकचौरी, घुघसीडीह, खोपली, बोरीगारका, कोकड़ी, कोड़िया, हनोदा, पोटियाकला, कसारीडीह होते हुए मोहलाई, रसमड़ा के पास से होते हुए परमालकसा में मुंबई-हावड़ा दपूम रेलवे लाइन से जुड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि बाइक सीजी 07 सीटी 5837 में अवैध रूप से प्लास्टिक बोरी में शराब भरकर बाइक के सामने रखकर दादर से नंदौरी लेकर जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दादर रोड जय स्तंभ चौक के पास रोड किनारे युवक को पकड़ लिया। पूछताछ पर अपना नाम दानिक वर्मा बताया है। उसके पास से पुलिस ने 70 पौवा मदिरा प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरा हुआ मिला। शराब की कीमत 7 हजार रुपए आंकी गई। बाइक की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज और उनकी टीम का योगदान था।

### आयरन लोड कर गबन करने वाले दो गिरफ्तार



**भिलाई।** रसमड़ा स्थित सुविधी इस्पात फैक्ट्री से निर्धारित से ज्यादा आयरन लोड कर गबन करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ट्रक सीजी 04 एमसी 6647 के चालक अमन सिंह और सुविधी इस्पात कंपनी के माल लोडिंग कर्मी निखिल राजपूत, मुकेश निषाद ने मिलकर गबन का पूरा षड़यंत्र रचा। कांटाशुदा स्पंज आयरन 49.56 टन के अतिरिक्त कंपनी की जानकारी के बिना चोरी-छिपे कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। 5.24 टन स्पंज आयरन कीमत 1.20 लाख रुपए को ट्रक में अधिक मॉल भरकर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316(4),3 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। कंपनी के कर्मी निखिल राजपूत, मुकेश निषाद को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि चालक अमन सिंह के साथ मिलकर कंपनी से नियत मात्रा से अधिक स्पंज आयरन को अवैध लाभ के लिए ट्रक में लोड किया। इसके एवज में दोनों को 10-10 हजार रुपए दिया करता था। यह तीन माह से किया जा रहा था। रकम शराब पीकर खर्च करते थे। फरार ट्रक चालक की तलाश में पुलिस जुटी है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम की भूमिका अहम रही। ट्रक चालक आरोपी की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। इस गबन का अमन मास्टरमाइंड है।

### स्मृतिनगर पुलिस की कार्रवाई, आरोपियों से आपत्तिजनक सामान जब्त

# जुनवानी के स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार, संचालिका सहित कस्टमर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्पा सेंटर के आड़ में देह व्यापार चलाए जाने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने संचालिका प्रिया सिंह सहित चार कस्टमर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 की धारा 3,4,5,7 के तहत के तहत जुर्म दर्ज किया। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस एएसपी सुखनंदन राठौर और पुलिस अधिकारी पदमश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी कि वीआर टावर जुनवानी में संचालित अगम ब्यूटी सेलून व स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर युवतियों से देह व्यापार कराया जा रहा है। स्मृति नगर पुलिस ने महिला अधिकारियों कर्मियों का टीम बनाकर एक पाइंटर को अगम ब्यूटी सेलून व स्पा सेंटर में भेजा गया। मौके पर स्पा सेंटर की संचालिका प्रिया सिंह से आपत्तिजनक सामान, 5 रजिस्टर व नगद 4 हजार रुपए जब्त किया गया। स्पा सेंटर के कमरे से कस्टमर एसके द्विवेदी, धर्मशील खोब्रागढ़े, राहुल चौधरी, विकास गेन्ड्रे मौजूद थे। उनके पास से भी पुलिस को कई आपत्तिजनक सामान और 5 मोबाइल को जब्त किया। आरोपियों को कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, चौकी प्रभारी गुरूवन्दिर सिंग संधु समेत अन्य मौजूद थे।

### शहर में दो दर्जन से अधिक स्पा सेंटर संचालित

शहर में दो दर्जन से अधिक स्पा सेंटरों का बेखौफ तरीके से संचालित हो रहे हैं। जहां पर विदेशी युवतियां काम कर रही हैं। तीन-चार वर्ष पूर्व भिलाई के स्पा सेंटर की विदेशी युवती की मौत हुई थी। जिसे लेकर पुलिस की बड़ी किरकिरी हुई थी। इस मामले में पुलिस में रिकोर्ड तक नहीं है। युवती के शव को ले जाने के लिए बड़ा बखेड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस अन्य स्पा सेंटर पर कार्रवाई अब तक नहीं की है। विदेशी लड़कियों को बाहर से लाकर यहां रखा जा रहा है, उनका कोई रिकार्ड नहीं है।

### तीन थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** तीन थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि वैशाली नगर, खुर्सीपार, भिलाई नगर में चैनस्नेचिंग की वारदात हुई थी। इस दौरान एक्टिवा सवार युवको ने घटना को अंजाम देना पता चला था। पुलिस खोजबीन में पताचल कि आरोपी दीपक उर्फ दीप सिंह चोरी की एक्टिवा वाहन में खुर्सीपार क्षेत्र में दिखा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ गया उससे पूछताछ करने पर अपना दोस्त सूरज उर्फ गेंडा के साथ मिलकर 8 मई को थाना क्षेत्र की महिलाओं के गले का चेन को छिनकर फरार होना स्वीकार किया। इसके अलावा थाना भिलाई नगर सेक्टर 8, सडक 1 में की वृद्धा महिला के गले का चेन भी 3 मई को छिनकर फरार होना स्वीकार किया। इसके अलावा चेन स्नेचिंग 30 अप्रैल को छावनी चौक से बाइक में, 6 मई को कबीर नगर रायपुर से एक्टिवा चोरी करना स्वीकार किया। सोने के जेवरात को चैन और पैण्डल को रायपुर निवासी मंजू साहू को बेचना बताया। चेन स्नेचिंग के कुल 9 अपराध का पुलिस ने खुलासा किया है। कार्रवाई में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी , क्राइम डीएसपी अजय सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### मकान में मिला शव जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मकान के भीतर युवक की नग्न हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घर पर उसकी पत्नी और बच्चे तीन दिन पहले ही मायके गए हुए है। बदबू आने पर मकान का दरवाजा खोला गया, तो शव बरामद हुआ। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना उतई थाना क्षेत्र के डूमरडीह का है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि शव ग्राम डूमरडीह निवासी मुख्तार सिंह सतनामी 52 का है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि जिस मकान में लाश मिली है। वो मुख्तार का मकान था। अपनी पत्नी शांति और दो बच्चों के साथ यहां निवास करता था। पुलिस परिजनों को सूचना देकर बुलाया है। पत्नी शांति के मुताबिक मुख्तार को शुगर और बीपी की शिकायत थी। वो बीमार भी रहता था। पुलिस को संदेह है कि रात में अकेले घर के भीतर रहा होगा और अटैक आने पर उसे समय पर इलाज नहीं मिला। जिससे उसकी मौत हो गई होगी। फिलहाल पीएम और जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने मकान का ताला तोड़कर लाश को देखा जो तीन दिन पुरानी होने से सड़ने लगी थी। शव को देख लोगों ने संदेह जताया कि उसकी हत्या की गई है। घटना स्थल में खून पड़ा हुआ है। फोरेंसिक की टीम भी पहुंची थी। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। उतई पुलिस शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### रिसाली में अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई

## खुर्सीपार में सीवर लाइन पर कब्जा करने वाले 86 लोगों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग निगम क्षेत्र अतिक्रमणकारियों पर हुई कार्रवाई के बाद भिलाई में भी एक्शन शुरू हो गया है। खुर्सीपार में जहां पर स्थानीय निवासियों के मांग के अनुसार सीवर लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है। कुछ लोगों द्वारा बीएसपी के समय बने सीवर लाइन के ऊपर अतिक्रमण कर मकान बना लिया गया है। ऐसे 86 लोगों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि ये अतिक्रमणकारी बार-बार नोटिस देने के बाद भी अपना अतिक्रमण खाली नहीं कर रहे हैं। अब उन्हें निगम ने अंतिम नोटिस किया है। नोटिस में कहा गया है कि समय अवधि के अंदर अपना निर्माण हटा लें, अन्यथा निगम कब्जा तोड़ेगा। इधर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फॉर्म भरकर के नियमानुसार मकान का आवंटन किया जा रहा है, ताकि बारिश से पहले यहां से लोगों को विस्थापित किया जा सके।

### रिसाली में नहर के ऊपर बना दी दुकान, रास्ता किया बंद



मैत्री गार्डन चौक के सामने वार्ड 13 में व्यापारियों ने रास्ता और नाली पर अतिक्रमण कर दुकान बना लिया है। इसके कारण निस्तारी के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। रास्ता और एप्रोच रोड निर्माण कार्य आधे में रोकना पड़ा है। मामला प्रकाश में आने के बाद रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा ने दुकान हटाने नोटिस जारी किया है। स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय पार्षद विधि यादव की उपस्थिति में निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने स्थल का निरीक्षण किया। दरअसल यहां पर पानी निकासी का रास्ता घुमावदार हो गया है। इस वजह से पानी निकासी नहीं हो पा रही है। इसी तरह नहर किनारे बने सीसी रोड पर भी अतिक्रमण किया गया है। व्यापारियों ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। इस वजह से एप्रोच रोड निर्माण अधूरा है। तोड़ू दस्ता प्रभारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि वे नोटिस जारी कर तत्काल कार्रवाई करें। रिसाली निगम के अधिकारियों ने बताया कि पूजा फैंसी स्टोर्स, हरिओम मोबाइल, सूरज वॉच, कृष्णा च्वाइस सेंटर, वैभव साड़ी, न्यू पैराडाइज सेलून, झटका चिकन को नोटिस जारी किया गया है।

# ठगी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**7.50 लाख की ठगी, पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना**

ऑनलाइन ठगी करने वाले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 140 बी, मैत्री विहार कोहका भिलाई निवासी खिलेश्वरी उर्फ पिंकी ने शिकायत किया। जिसमें आरोपी ग्राम परसदा साहू पारा पोस्ट डंगनिया बालोद निवासी देवर योभिजीत साहू ने नगदी व ऑनलाईन 7 लाख 50 हजार रुपए की ठगी किया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। तकनीकी सहायता से आरोपी योभिजीत साहू के बारे में जानकारी मिली। जिसे सुरगी, राजनांदगांव से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी योभीजीत ने स्वीकार किया कि ऑन लाईन ट्रेडिंग गेम का झांसा देकर घटना को अंजाम दिया।



### मौसम विभाग के अनुसार 48 घंटे में अंधड़ के आसार

# ट्विनसिटी का पारा 42 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




ट्विनसिटी में एक बार फिर गर्मी बढ़ने लगी है। पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। सोमवार को उमस, चिपचिपी गर्मी ने लोगों को हलाकान किया। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप ने झुलसाया। मौसम विभाग की मानें तो अगले 2 दिन के भीतर अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की और वृद्धि हो सकती है। हीटवेव की आशंका भी बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक दो सिस्टम भी सक्रिय होने वाले हैं। इसके प्रभाव से आने वाले 5 दिनों तक शाम के समय तेज हवाएं चलने के आसार हैं। हालांकि इस दौरान दिन में धूप रहने की वजह से अधिकतम तापमान आगे तीन दिन तक पारा 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। सोमवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से तेज धूप खिली रही। शाम को हल्की हवा चली। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। वहीं बिजली गिरने की चेतावनी को देखते हुए किसानों और ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

### मानसून के आगमन को लेकर स्थितियां हो रहीं अनुकूल

इसी प्रकार दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए भी स्थितियां अनुकूल हो रही हैं, जो अगले 4-5 दिनों के दौरान दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के कुछ हिस्सों, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पूरे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ेगा। इसकी वजह से दिन में धूप और शाम को बौछार की स्थिति बन सकती है। अंधड़ चलने की आशंका है। वहीं वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कमजोर पड़ते ही दिन और रात के तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज होगी।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301



## खबर संक्षेप



### दीपक नगर में 14 को सुशासन तिहार शिविर

**दुर्ग।** शासकीय कामकाज में पारदर्शिता तथा योजानाओ के क्रियान्वयन को लेकर सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से 31 मई तक समय सुबह 10 से संध्या 5 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपक नगर में 14 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा अधिकारियों के साथ स्वामी आत्मानंद उमावि दीपक नगर में शिविर स्थल पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौका स्थल निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने टेबल, कुर्सी, शमियाना इत्यादि की व्यवस्था के साथ साथ विद्युत एवं माईक की व्यवस्था और आवश्यकता होने पर कुलर, पंखा की व्यवस्था करने कहा। बता दें कि वार्ड 23 स्वामी आत्मानंद उमावि दीपक नगर स्कूल में वार्ड 23, 24, 25, 26, 47, 48, 59 और 60 के लिए 14 मई को किया जाएगा। वहीं शुक्रवार 16 मई को वार्ड 52 उमा शाला बोरसी स्कूल में वार्ड 49, 50, 51, 52, 53, 54 एवं 55 के लिए शिविर लगाया जाएगा।

### छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र



**दुर्ग।** शासकीय कन्या शाला मुंगेली की छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत रिटेल विषय के व शिक्षक मोहम्मद मोहसिन हाशमी की देख रेख में दुकानों में 10 दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग करवाई गई। जिसमें छात्राओं ने व्यवसाय की बारीकियों को जाना और ग्राहकों का सामना किया। उनकी ट्रेनिंग के बाद कन्या शाला के प्राचार्य केएस राजपूत एवं आनंद सुपर बाजार के अनिल, सी मार्ट के एनके सिंह, मधुरश्री के अभिषेक द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किया गया।

# कुंडली मारे बैठे अफसर, बैंक में घोटाले की नहीं सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग और बेमेतरा के तीन ब्रांच में आवास ऋण के नाम पर करोडों रूपए के घोटाले की फाइल अब तक कलेक्टर को नही सौंपी गई हैं। तत्कानीन कलेक्टर और सीईओ द्वारा जांच के निर्देश दिए जाने के बाद रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। दोषी को आरोप पत्र भी जारी कर दिया गया है। लेकिन जिला सहकारी बैंक के जांच अधिकारी रिपोर्ट पर कुंडली मारे बैठ गए है। हैरानी की बात यह है कि, वर्तमान में बैंक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अधीनस्त है। इसके बाद भी इतने बडे घोटाले पर कोई एक्शन नही लिया गया हैं।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में प्राधिकृत अधिकारी हैं कलेक्टर, दोषियों से रिकवरी नहीं

### अब तक नही की गई वसूली

तीनों ब्रांच मैनेजर द्वारा करोडों रूपए का घोटाला कर बैंक को चूना लगाया गया था। इसमें जिला सहकारी बैंक की फील्ड अधिकारियों की भी मिलीभगत सामने आई हैं। सूत्रों ने बताया कि, बैंक में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों का संबंध जांच में दोषी पाए गए कर्मचारियों से होने के चलते नरमताई बरती जा रही है। खबर भी है कि, कुछ दोषी ब्रांच मैनेजरों को आगामी दिनों रिटायर्ड होने वाली है। जिसके चलते ही बैंके जांच अधिकारी ने रिपोर्ट दबाए रखा है। बैंक के खजाने को करोडों रूपए का नुकसान हुआ है। इसके बाद भी राशि की रिकवरी नही की गई हैं।




### व्यस्तता अधिक रही

जांच रिपोर्ट मिल चुकी है, वही आरोप पत्र का जवाब भी आ गया है। जल्द ही अंतिम प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। वर्तमान में व्यवस्तता के चलते कार्यवाही नही हो पाई है। **-एसपी वाहने,** जांच अधिकारी, जिला सहकारी बैंक

### ये था आवास ऋण का मामला

पूर्व में किए गए जांच अनुसार देवकर शाखा में 11 लाख रूपए का घोटाला कर बैंक को नुकसान पहुंचा गया है। तत्कालीन शाखा प्रबंधक राकेश सैनिक द्वारा किया गया था। जिन्हें दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में नगपुरा में शाखा प्रबंधक है। इसी तरह शाखा मुरमुंदा में भी आठ लाख राशि ढकार कर खाता को एनपीए किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा को खाता एनपीए होने पर दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में बोरसी शाखा प्रबंधक है। वही नगपुरा ब्रांच में भी ढाई करोड का आवास ऋण घोटाला है। इन सभी की पूर्व में जांच हो चुकी हैं। लेकिन कलेक्टर द्वारा नए सिरे से जांच कराई जा रही हैं।

जिला सहकारी केन्द्रय बैंक में आवास ऋण घोटाले की अंतिम जांच के निर्देश तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा दिए गए थे। इसके लिए जांच अधिकारी एसपी वाहने को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि, आरोप पत्र के बाद जवाब भी मिल गए हैं। उनके द्वारा अंतिम प्रतिवेदन तैयार करेंगे। जिसे विगत छः माह से रोककर रखा गया हैं। उल्लेखनीय है बेमेतरा जिले के देवकर और मुरमुंदा शाखा में करीब 19 लाख रूपए होम लोन गडबडी के मामले सामने आए थे। इसके आलावा नगपुरा ब्रांच में आवास ऋण के नाम पर ढाई करोड रूपए की गडबडी उजागर हुई थी। बेमेतरा कलेक्टर ने नवागढ शाखा में घोटाले की जानकारी मिलने पर थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

## गड़बड़ी : ले-आउट में सड़क की आरक्षित जमीन को नहीं किया गया हैंडओव्हर

# कॉलोनाइजरों को लाभ पहुंचाने सरकारी जमीन का भी मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हरिभूमि लगातार

भारतमाला परियोजना के तहत भू अर्जन अधिकारियों ने प्लाटिंग की आरक्षित जमीन के नाम पर करोडों रूपए का मुआवजा बांटकर राज्य शासन को चूना लगाया हैं। कालोनाइजर्स के नाम में दर्ज सडक की जमीन को नियमतः राज्य शासन को हैंडओव्हर करना होता है। लेकिन राजस्व अधिकारियों अपना दोनो हाथ घी में रखकर न तो सडक की जमीन को हैंडओव्हर लिया और तो और उस सरकारी रिकार्ड में दर्ज होने वाले जमीन के नाम पर ही मुआजवा बांट दिया। प्रदेश के अन्य जिलो के साथ ही दुर्ग जिले में भारतमाला परियोजना में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। जिले में एक ही रकबे में दो बार मुआवजा और सडक व नालियों की जमीन का भी मुआजवा बांट दिया गया है। हाल ही में नया खुलासा सामने आया हैं, जिसमें कालोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग किए गए सडक की जमीन में मुआवजा बांटा गया है। जानकरों की माने तो प्लाटिंग किए जाने के नियम में यह उल्लेख है कि, काटे गए सभी प्लाट की बिक्री होने के बाद सडक की जमीन को हैंडओव्हर करना होता हैं। यानि यह सडक की जमीन राज्य शासन के रिकार्ड में दर्ज हो जाता है। ताकि आगामी दिनों कोई भी भू स्वामी इस पर मालिकाना हक न जता सके। लेकिन यहां अफसरों ने ऐसा खेल कर दिया कि, सडक की जमीन न तो सरकार के रिकार्ड में दर्ज की गई और उल्टे सरकारी जमीन पर करोडों रूपए का मुआवजा बांटकर शासन के खजाने को तगडी क्षति पहुंचाई गई है।

### खास बातें

- दुर्ग जिले के प्रकरण को भी शासन ने जांच के दायरे में रखा
- भू-अर्जन अधिकारी और कालोनाइजरों की आपसी सांठगांव
- सडक की सरकारी जमीन पर भी अफसरों ने बांट दिया मुआवजा

## कॉलोनाइजरों ने सड़क की जमीन को नहीं किया था हैंडओवर



दुर्ग। टेड़ेसरा से रायपुर के आरंग तक जाएगी सड़क।

### दर्जनभर गांव में प्लाटिंग के सड़क पर मुआवजा

पडताल में यह बात सामने आई है कि, दुर्ग ओर पाटन से होकर गुजरने वाले सिक्सलेन कारीडोर में दर्जनभर से अधिक गांव प्रभावित हुए है। जिसमें उमरपोटी, धनोरा, पुरई, हनोदा, करगाडीह और खमरिया शामिल है। इन गांव में कई कालोनाइजरों ने अवैध प्लाटिंग भी कांटा था। लेकिन उनके लिए सुनहरा अवसर तब हो गया जब उसी जमीन से भारतमाला परियोजना की सडक गुजर रही थी। कायदे से उन्हें आरक्षित सडक की जमीन को राजस्व विभाग के रिकार्ड में हैंडओव्हर करना था। लेकिन इन्होने भू-अर्जन अधिकारियों से सांठगांठ कर सरकारी सडक की जमीन पर ही मुआवजा गटक लिया।

### रसूखदारों को वर्गमी., मकान मालिकों को हेक्टेयर

यूं तो परियोजना के तहत प्रभावित जमीन में ज्यादा प्रकरण में भू अर्जन अधिकारी पांच सौ वर्गमीटर से कम जगह का भी हेक्टयर में मूल्यांकन किया है, वहीं चेहते को लाभ पहुंचाने कई लोगों का वर्गमीटर में गणना किया गया है। यही स्थिति प्लाटिंग वाले प्रकरण में भी हुआ है। यहां सडक की जमीन को बेचने वाले भू मालिक को अधिकारियों ने वर्गफीट में मुआवजा देकर लाभ पहुंचाया हैं, वही अचरज की बात यह है कि, उससे अंदर की जमीन जो पांच सौ वर्गमीटर से कम हैं। उन्हें हैक्टैयर में मुआवजा देकर खुद ही सवाल खडे कर दिए है। अगर प्रशासन द्वारा हाई लेवल कमेटी बनाकर जांच कराई तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### फिर से दावा आपत्ति मंगाने उठ रही मांग

विधानसभा में भारतमाला परियोजना में घोटाले का बम फूटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संभागयुक्त के नाम पत्र लिखकर प्रदेशभर के सभी जिलों में जांच के निर्देश दिए है। यही नही राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग ने आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों को सभी प्रकरणों की जांच के लिए पत्र लिखा हैं। इधर दुर्ग जिले में सैकडों प्रभावित किसानों को मुआवजा नही मिलने की प्रकरण सामने आ रहे है। लेकिन कोर्ट में लगाए गए आपत्तियों की माने तो अब तक 120 से अधिक लोगों ने मुआवजा गणना में सवाल उठाते हुए आपत्ति लगाई हैं। इसके बाद भी सुनवाई नही होन से परेशान लोग अब संभागायुक्त कोर्ट में अब तक पारित अवार्ड की फिर से दावा आपत्ति मंगाने की मांग कर रहे हैं।

# चौड़ीकरण से प्रभावित होंगे 70 से अधिक मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

चंडी मंदिर से लेकर नयापारा वार्ड तीन तक करीब एक किलोमीटर तक होने वाले चौडीकरण में करीब 70 से अधिक मकान प्रभावित होगें। जिले के राजस्व महकमा द्वारा किए गए सर्वे में प्रभावित मकानों की जानकारी और मुआवजा राशि की गणना कर राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। राज्य शासन से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद चौडीकरण की कार्यवाही आगे बढेगी।

- जिला प्रशासन के राजस्व महकमा ने राज्य शासन

जानकारी अनुसार चौडीकरण की लागत करीब दस करोड का तैयार किया है। इसमें करीब एक किमी पक्की सडक बनेगी, वही दोनो और नालियां बनाई जाएगी। सडकी की चौडाई चालीस फीट होंगे। उल्लेखनीय हैं कि, विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में चौडीकरण का प्रस्ताव लाया गया था।

यह बेहद संकीर्ण मार्ग होने के कारण आवाजाजी में परेशानी होती थी। यहां मंदिर होने के कारण भी रोजाना सैकडों की संख्या में लोगों का आवाजाही रहती है। सडक मार्ग के चौडीकरण होने का लाभ वहां के लोगों को मिलेगा। नयापारा से होकर बडी संख्या में वाहन चालक यहां गुजरते हैं।

### मुआवजे के पेंच में फंसा था प्रकरण

पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की माने तो मुआवजे की राशि अधिक होने के कारण प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने में देरी हुई थी। बताया जा रहा हैं कि, चौडीकरण की लागत करीब दस करोड रूपए तैयार किया गया हैं, उतने ही राशि का मुआवजा प्रकरण तैयार कर राज्य शासन को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा स्वीकृति के लिए भेजा गया है। माना जा रहा है कि, स्वीकृति मिलने ही चौडीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## एमआईसी प्रभारी का किया गया सम्मान

**दुर्ग।** जिला सहकारी थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार में ज्ञानेश्वर ताम्रकार, विद्युत यांत्रिक प्रभारी नगर पालिक निगम, दुर्ग का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार, उपाध्यक्ष अनिता देवी जैन लोढ़ा, संस्था के संचालकगण- शिवराज राउत, अशोक कुमार दुग्गड़, कामता प्रसाद चन्द्राकर, वत्सला ताम्रकार, वेंकट सांई शास्त्री राव उपस्थित थे। ज्ञानेश्वर ताम्रकार दुर्ग जिला सहकारी थोक उपभोक्ता भंडार के वरिष्ठ संचालक है। आपने संस्था के विकास के लिये अपना योगदान देने की बात कही है। संस्था कर्मचारी प्रभारी मुख्य कार्यालय अधिकारी निर्मल कुमार वर्मा एवं राजेन्द्र ताम्रकार, केशोराम साहू, क्षेत्रपाल चन्द्राकर, गोवर्धन यादव, लक्ष्मीनारायण शर्मा, राकेश यादव सम्मान समारोह में उपस्थित थे।

# अभियान को स्वदेशी जागरण मंच का पूर्ण समर्थन, धन का दुरुपयोग करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रैडर्स (कैट) केके दुर्ग से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, प्रदेश मंत्री प्रकाश आहूजा, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय चौबे, चेयरमेन पवन बडजात्या, अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, महामंत्री विनय कश्यप, पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, युवा अध्यक्ष पीयूष देशलहरा ने बताया कि, दुर्ग ज़िला के स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों के साथ आज एक बैठक आयोजित की गई।

- ई-कामर्स कंपनियां खुदरा बाजार को तबाह कर रही

बैठक की अध्यक्षता कैट दुर्ग ब्रांच के अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी ने की। स्वदेशी जागरण मंच से प्रांत के प्रचार प्रमुख उमेश पासवान, संघर्ष वाहेनी प्रांत प्रमुख दिलीप पाटिल एवं सह सायोजक संजय चौबे इस अभियान को दुर्ग में चला रहे है। कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला ने ऑनलाइन कंपनियों जैसे ई- कॉमर्स, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो, स्विगी आदि पर प्रत्येक विदेशी निवेश (एफडीआई) के ज़रिए प्राप्त धन का दुरुपयोग लगाने का आरोप लगते हुए कहा है कि, इससे ये कम्पनियाँ सामान आपूर्तिकर्ताओं पर अपना नियंत्रण रखते हुए इन्वेंटरी पर प्रभुत्व और सामान के मूल्यों के निर्धारण में मनमानी कर रही हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य गली-मोहल्लों की छोटी किराना एवं अन्य सामान की दुकानों को खत्म कर उनके बाज़ार पर कब्जा करना है। ई-कॉमर्स की विदेशी कंपनियों की तरह ये कंपनियां क्विक कॉमर्स के ज़रिए भारतीय खुदरा बाज़ार को तबाह करने पर तुली हुई हैं।

# विश्व विद्यालय में छात्र सुविधा केंद्र के नाम पर विद्यार्थियों को हो रही दुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हेमचन्द विश्वविद्यालय में संचालित छात्र सुविधा केंद्र में अतिरिक्त वसूली से सम्बंधित प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जब आरटीआई के माध्यम से विश्वविद्यालय से जानकारी मांगी गई तब जानकारी की जगह प्रेस नोट थमा दिया गया। आम आदमी पार्टी के जसप्रीत सिंग ने बताया कि जब इसकी एक अन्य शिकायत कलेक्टर से की कई गई तब जो जवाब विश्व विद्यालय की ओर से आया वह चौकाने वाला निकला। इस जवाबी पत्र में विश्वविद्यालय की ओर से ऐसे किसी सुविधा केंद्र अथवा अन्य दुकान के संचालित होने को सिरे से नकार दिया गया है एवं छात्र सुविधा केंद्र के बारे में किसी प्रकार का कोई उल्लेख कलेक्टर को दिए गए जवाब में शामिल नहीं है। अब या तो विश्वविद्यालय के संचालक जनता एवं छात्रों से वसूली कर किसी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा कर रहे है या फिर गलत जानकारी देकर कलेक्टर को गुमराह कर रहे है। बहरहाल दोनों परिस्थितियों में छात्रों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। उनकी सुविधा के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अब इसमें किन लोगों की संलिप्तता है है यह जांच का विषय है। देश मे जहां पढ़ाई को व्यवसाय का माध्यम न बनाने की दिशा में पहल होनी चाहिए, वहीं इसे सरकारी तंत्र में ही भ्रष्टाचार और कमाई का ज़रिया बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है जो कि एक गंभीर मामला है।

- आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर से की शिकायत



# अतिक्रमण अभियान के लिए मेयर ने दुर्ग के व्यापारियों से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कदम उठाया है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा ने एमआईसी सदस्यों और अधिकारियों के बीच बैठक की। महापौर ने व्यापारियों को स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर की सड़क के किनारे फुटपाथ एवं सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने को लेकर गहन मंथन किया गया। महापौर ने निगम अतिक्रमण टीम के अमला को ड्रेस कोड देने के निर्देश दिए।

- अतिक्रमण हटाने शहर में चलेगा अभियान

निगम प्रशासन अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का समय दिया है। इस दौरान वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें। समय सीमा के बाद प्रशासन कार्रवाई करेगा। अतिक्रमण हटवाने के बाद 15 दिनों तक निगम प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलेगा। बैठक में शहर चौराहे के सुंदरीकरण पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा की यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क क्षेत्र से अतिक्रमण और भी हटवाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अबकी बार अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत सोमवार से मंगलवार इंदिरा मार्केट से ग्रीन चौक तक, बुधवार से गुरुवार तक गंजपारा से राजेन्द्र पार्क चौक तक, इसके अलावा शुक्रवार से शनिवार बघेरा तक चण्डी मंदिर चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्वाही की जाएगी। शहर के कालोनियों व मोहल्ले, गलियो के अंदर भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव भी नहीं होना चाहिए। बैठक में देवनारायण चन्द्राकरए नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, लीलाधर पाल, मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, गिरीश दीवान, धर्मेंद्र मिश्रा, शुभम गोइर आदि मौजूद रहे।

## प्रकरणों में कुल 7 आरोपियों को भेजा गया जेल

# आबकारी विभाग की कार्रवाई : तीन दिन में बनाए 7 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



आबकारी विभाग ने विगत 03 दिनों में अलग-अलग स्थानों से अलग-अलग जगहों पर कुल 07 प्रकरण कायम किये हैं। प्रकरणों के क्रम में 10 मई को गश्त के दौरान महमरा एनीकट मार्ग पर जिला दुर्ग में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी अमन कुंभकार पिता बलराम कुंभकार 21 वर्ष निवासी बोरई थाना पुलगांव जिला दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 31 नग पाव देशी मदिरा मसाला कुल मात्रा 5.58 बल्क लीटर शराब, जिसका बाजार मूल्य 3100 रूपये है एवं एक काले रंग की दुपहिया वाहन हीरो स्पेंडर क्रमांक सीजी 07 सीएम 4908 को जप्त किया गया। प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक गीताजंली तारम द्वारा विवेचना में लिया जाकर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

- कलेक्टर की अध्यक्षता में ऋण उपसमिति की बैठक

11 मई को आबकारी विभाग ने 5 प्रकरण कायम किये गए हैं। प्रथम प्रकरण में भोर गश्त के दौरान वृत दुर्ग आंतरिक दक्षिण में अवैध शराब के परिवहन, विक्रय, धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही करते हुए ग्राम जामगांव अमलीडीह मार्ग पर 34 पाव देशी मसाला, मात्रा 6.12 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 3400 रूपये है, परिवहन करते हुए आदतन अपराधी राजकुमार सोनकर निवासी जमराव को उसके दोपहिया वाहन टीवीएस एक्सएल 100 सीजी 07 बीजे 3804 के साथ पकड़े। दूसरे प्रकरण में गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम घिंकुड़िया थाना नन्दिनी नगर में अवैध शराब के धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी सूरज बंजारे पिता हेमचंद बंजारे 25 वर्ष निवासी ग्राम कोकड़ी थाना नन्दिनी नगर जिला दुर्ग के कब्जे से एक नीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 56 नग पाव देशी मदिरा मसाला, कुल मात्रा 10.08 बल्क लीटर, जिसका बाजार मूल्य 5600 रूपये एवं एक मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो सीजी 04 डीवी 3928 जप्त किया गया। तीसरे प्रकरण में कुरूद रोड कोहका जिला दुर्ग में एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 बीयू 2503 से कुल 45 नग विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल पाव मात्रा 8.1 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 5400 रूपये जप्त कर आरोपी कृष्णा सिन्हा पिता सावतराम 50 वर्ष, निवासी नवागांव थाना बोरी जिला दुर्ग के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### 6 नग दुपहिया वाहन जब्त

आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा विगत 3 दिवसों में 7 प्रकरण कायम कर कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 40.68 बल्क लीटर देशी मदिरा, 8.1 बल्क लीटर विदेशी मदिरा एवं 6 नग दुपहिया वाहन जप्त किया गया है। उक्त प्रकरणों में सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया, आबकारी मुख्य आरक्षक प्रहलाद सिंह राजपूत, संतोष दुबे, आबकारी आरक्षक देव प्रसाद पटेल, संदीप तिर्की, खुलदीप, वाहन चालक दीपक राजू, दुर्गेश कुर्रे, धनराज खरे, नोहर साहू का योगदान रहा।

# पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवादी हमले में हिंदू तीर्थयात्रियों की पहचान कर की गई नृशंस हत्या के विरोध में दुर्ग नगर में सकल हिंदू समाज, दुर्ग सराफा संघ एवं हिंदू युवा मंच द्वारा रात्रिकालीन श्रद्धांजलि मार्च का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि मार्च लंगूर वीर चौक से शनिचरी बाजार, गांधी चौक, जवाहर चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए पटेल चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, युवाजन, समाजसेवी एवं श्रद्धालु नागरिकों ने मौन जुलूस में भाग लेकर अपने आक्रोश और पीड़ा व्यक्त की। मार्च का नेतृत्व नगर निगम सभापति अरुण सिंह, प्रकाश सांखला, श्याम शर्मा, कैलाश बरमेचा, अरुण अग्रवाल, चुन्नीलाल, भीम जैन ने किया, जिनके साथ-साथ श्रीकुमार नायर, गोविंद राज नायडू, राजा देवांगन, राज गुप्ता सहित समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सभी ने पहलगाम में शहीद हुए लोगों की स्मृति में दीप प्रज्वलित किए, पुष्पांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप



### देवादा सरपंच ने दी आर्थिक सहायता

**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा की महिला सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा गांव के हर जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहायता करती है। वर्मा ने सोनू बया की पुत्री आकृति बया की शादी में पांच हजार रुपए की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की। गौरतलब हो कि सरपंच निर्वाचित होने के बाद से गांव के अनेक जरूरतमंद परिवार को उनके द्वारा शोक कार्यक्रम या फिर मांगलिक कार्यों के लिए आर्थिक सहयोग कर सराहनीय पहल की है। उनके द्वारा किए जा रहे आर्थिक सहयोग के बाद अब पाटन क्षेत्र के कई सरपंचों ने भी गांव के जरूरतमंद परिवार को आर्थिक सहयोग करने की शुरुआत किए है।

### महाराणा प्रताप जयंती पर शामिल हुए विधायक ललित



**भिलाई।** दुर्ग राजपूत क्षत्रिय चेतना विकास संघ द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शौर्यगाथा का स्मरण किया। इस अवसर पर दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, राजपूत समाज अध्यक्ष जगरूप सिंह, अजीत सिंह, शिवेन्द्र सिंह, ममता सोनी, नीलम सिंह, अरुण सिंह, अजय सिंह, कमलेश सिंह, कृष्णा सिंह आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को दिया जा रहा उत्कृष्ट मार्गदर्शन



**पाटन।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा केआईटी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, अमलेश्वरडीह आज क्षेत्र में एक पहचान बना चुका है। संस्थान के डायरेक्टर यश साहू के नेतृत्व में यहां आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों को समग्र विकास की दिशा में उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। संस्थान में कार्यरत शिक्षकों की टीम जिनमें रेशमी साहू, उर्वशी साहू, सुरेन्द्र यादव, अभयराज, छन्नू साहू, रेणुका धीवर, पूजा देवांगन, पायल यदु आदि हैं।

## निधन

### किशना बाई श्यामकुंवर

**भिलाई।** 48/8 राधिका नगर निवासी व भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के सचिव अशोक श्यामकुंवर की माता किशना बाई श्यामकुंवर उम्र 81 वर्ष का निधन 12 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मई को रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में होगा। वे अपने पीछे अशोक, अरूण श्यामकुंवर सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



### मोतीलाल श्रीवास्तव

कुम्हारी। नगर के वरिष्ठ नागरिक, कवि, लेखक एवं समाजसेवी मोतीलाल श्रीवास्तव 87 वर्ष का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



## दशकों से मनचाहे स्कूलों में अंगद की पैर की तरह जमे हैं 176 सीएसी

# कई सरकारी स्कूलों का नहीं खुल रहा ताला, मुरझा रही हरियाली

दिलीप साहू ▶▶| निकुम

### अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने मजबूर

सरकारी स्कूल में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के दावे भले ही बड़े-बड़े हो, लेकिन सच्चाई ये कि खुद सरकार के अनेदखी के चलते स्कूली शिक्षा का ढांचा चरमराता दिखाई दे रहा है। इसका मूल कारण है, शिक्षकों की कमी है, एक ओर शहर में शिक्षक अंगूर की तरह अतिशेष मिलेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल पर नजर रखे तो ऊट के मुंह में जीरा साबित हो रहे हैं। वहीं प्रशासन कसावट लाने व शिक्षा के स्तंभ को मजबूत करने युक्ति युक्तकरण कर सिस्टस्म को दुरुस्त करने में पसीना बहा रही है, लेकिन दुर्ग जिला के शिक्षा विभाग अंधेर नगरी चौपट राजा की तर्ज पर सिस्टम चल रहा है, क्योंकि वहीं बदहाल शिक्षा व्यवस्था से पालकों का सरकारी स्कूल से पालकों का मोह भंग हो रहा है। वहीं शिक्षक नही होने से अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से निकालकर प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने मजबूर हो गये हैं। गौरतलब हो कि नए सेटअप में जिन प्राइमरी स्कूल कक्षा पहली से पांचवीं तक 60





स्कूली बच्चों की संख्या होगी, उसमें एक प्रधानपाठक व एक सहायक शिक्षकों के कंधों पर पढ़ाई कैसे सवालिया निशान उठ रहा है, गौर हो सरकारी स्कूल मानो प्रयोगशाला बन कर रह गया है। आए दिन एनजीओ के नये-नये प्रयोगों से शिक्षा व्यवस्था की मानो रीढ़ की हड्डी टूट जाती है।

आए दिन जिसका फायदा निजी स्कूल गिद्ध नजर रख जमकर चांदी काट रहे हैं। वहीं अपनी ऊंची पहुंच व रुतबे के दम पर कई शिक्षक शहरी क्षेत्रों में दही की भांति जमकर बैठे हुए, जो कि गांव देहातों में आना ही नही चाहते, जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को अपने एसीनुमा कमरे से निकलने का फुर्सत नही मिलना अतिशयोक्ति है। जिले के शिक्षा विभाग दुर्ग कार्यालय में बरसों से एक ही कुर्सी में जमें हैं। कई कर्मचारी अधिकारी के इशारों पर कार्य हो रहा है। गौर हो कि भाजपा के सत्ता आने के बाद भी सिस्टम का सर्जरी होना दुभार्ग्य साबित हो रही है, सरकारी स्कूलों, बोर्ड कक्षाओं के परिणाम में भी निराशाजन नही है। वहीं स्कूलों में सुविधाओं की कमी है।

### प्रशासन इस मामले पर गंभीरता से करे जांच

पूर्व कांग्रेस सरकार में दुर्ग जिले में चार मंत्रियों के गढ़ रहे दुर्ग जिले में बीते पांच वर्ष से शिक्षा विभाग में अधिकारियों के चापलूसी नीति पर लगाम नही लगी है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी से दुर्ग जिले में 176 संकुल समन्वयक कार्यरत है,जबकि बीते दशकों से एक ही स्कूल के संकुल में अंगद की भांति पैर जमाकर बैठे हैं। नियमों को ठेंगा दिखाकर कई संकुलों में अन्य संकुलों के शिक्षक सीएसी बने वहीं प्रतिवर्ष सीएसी में लगभग प्रति संकुलों में अस्सी हजार रुपये शासन विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में भेजती है, जबकि कई जगह संकुलों का ताला महीनों से नहीं खुलना दांत चिढ़ा रहा है। वहीं संकुल भवनों की रंगरोहन नही हुआ है, कक्षाओं में बैठने की व्यवस्था की योजनाएं मानो व्यारे न्यारे कर दिये जाते हैं। जबकि कई स्कूलों मे शिक्षक की कमी है। वहीं सीएसी को संकुल के मूल शाला में पदस्थ होकर बच्चों को तीन कालखंड पढ़ाना होता है, लेकिन गांव में पदस्थ कई शिक्षक महीनों से मूल पदस्थ शाला ना आकर अन्य शहरी क्षेत्रों में सीएसी आखिर किसके इशारे पर बने हैं। वहीं ऐसा सिस्टम रहा तो शिक्षक कही बच्चों को पढ़ाना ना ही भूल जाये। प्रशासन इस मामले पर गंभीरता से जांच करे। वहीं क्षेत्र के विनायकुपर, निकुम, तिरगा, अंडा, नंदकट्ठी में ढर्रे नीति पर काम चल रहा है। गौर हो कि प्रदेश की भाजपा सरकार सुशासन त्यौहार मनाकर अपनी ढपली अपनी राग अलाप रही है, जबकि शिक्षा विभाग का पूरा सिस्टम मौन है।

# भारतीय सेनाओं की सलामती के लिए पूजा-अर्चना कर मांगी दुआएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



देश के वीर सपूत इन दिनों सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए दुश्मनों से लड़ रही है। ऐसे में प्रत्येक देशवासियों को उनके लिए प्रार्थना करना चाहिए। शनिवार को वायु सेना, जल सेना, थल सेना और आर्मी के जवानों सहित देश के सैनिकों की सुरक्षा के लिए और

■ खारुन ग्रीन्स कॉलोनीवासियों ने की पूजा-पाठ

भारत को विजय प्राप्त हो और अंतरराष्ट्रीय साजिशों से देश सुरक्षित रहे ऐसी धारणा लेकर खारुन ग्रीन्स कॉलोनी कुम्हारी के लोगों ने हनुमान से प्रार्थना करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं संकट मोचन हनुमानाष्टक का पाठ, साथ ही शिव भोलेनाथ की आरती, मां जगदम्बा की आरती और शक्तिदाता हनुमान की आरती की गई। इस अवसर पर विशाल ताम्रकार ने कहा कि सेना का जवान भी किसी का बेटा, किसी का पिता और किसी का सुहाग होता है, वैसी ही नारी शक्तियां भी, किसी की बेटी, किसी की मां, किसी की पत्नी होती है। ये सीमा पर अपनी जान की बाजी लगाकर हम सभी देशवासियों की रक्षा कर रहे हैं जिनकी वजह से ही आज हमसब चैन की सांस ले पा रहे हैं। हम सभी ईश्वर से उन सभी के लिए प्रार्थना करते हैं साथ ही देश देश मे बैठे गद्दारों पर भी हमे नजर रखनी होगी आज हमसब को एकजुट होना होगा।

समाजसेवी रामाधार शर्मा ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने दुश्मनों की कमर तोड़ दी है, सभी देशवासियों से आग्रह है कि वे अपने क्षेत्रों में भी सैनिकों के लिए प्रार्थना करें। स्मिता ने कहा की सिंदूर का बदला आपरेशन सिंदूर से ले लिया गया, प्रधानमंत्री मोदी ने बदला लेने का मौका देश की नारी शक्ति विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया क़ुरैशी को दिया। ऐसे प्रधानमंत्री का साथ हो तो भारत की बेटियां पाकिस्तान तो क्या विश्व के किसी भी आतंकवादियों से निपटने के लिए समर्थ रहेगी। अमरजीत सिंह गिल ने कहा ईंट का जवाब पत्थर से नहीं बारूद से दिया जा रहा है। अवधेश शुक्ला ने कहा की भारत केवल आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है ,वहां आम जनता की रक्षा सुरक्षा के दृष्टिकोण से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं अपनी नज़र बनाए हुए हैं। इस दौरान हेमलता वर्मा, मंजुलता तिवारी, लक्ष्मी ठाकुर, मंजूर सिन्हा, सीखा सिंह, रागिनी पांडे, पूनम भारती, वेदमती महंत, सोनम साहू, नोइनो साहू, रिंकी, प्रभा यादव एवं क्रांति निषाद सहित बड़ी संख्या में कालोनी के लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा विकास और सफलता का सबसे बड़ा मूलमंत्रः पुष्पेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पुलगांव शासकीय हाई स्कूल में अध्यनरत नंदनी साहू ने दसवीं की परीक्षा में 92.37 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि पर पुलगांव थाना प्रभारी पुष्पेंद्र भट्ट ने नंदनी को गुलदस्ता, श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। भट्ट ने कहा कि शिक्षा विकास और सफलता का प्रवेश द्वार है शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, यह जीवन को समझने समस्याओं को हल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की कला है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा सभी के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमें जीवन में कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहयोग करता है। इस अवसर पर पुलिस परिवार से सहायक उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनी, लखन लाल साहू, वेद राम चंद्रवंशी, अमित गुप्ता, भुनेश्वरी साहू एवं सामाजिक कार्यकर्ता गोकुल साहू ने छात्रा की उज्ज्वल भविष्य मंगलकामना कर बधाई दी।

■ पुलगांव की नंदिनी ने 92 .37 प्रतिशत अंक प्राप्त किया



### देवादा में हुआ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ



**सेलूद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम देवादा में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र नव निर्माण, देश में सुख-शांति-समृद्धि के लिए एक साथ एक समय में घर-घर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के सदस्य घर-घर जाकर हवन करवाया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में बीते कई वर्षों से वैश्विक सुख-शांति, प्रगति और एकता के लिए विराट वैश्विक यज्ञीय प्रयोग किया जा रहा है। इस वर्ष भी गायत्री परिवार बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर देश-विदेश में लाखों घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ किया गया। गायत्री परिवार के साधक घर-घर जाकर संपर्क कर अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## जामगांव आर में अखबार हॉकरों के बच्चों ने दसवीं बोर्ड में डिस्टेंसन मार्क्स लाकर किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बिना कोचिंग ट्यूशन के सभी विषयों में डिस्टेंशन मार्क्स लाकर जामगांव आर के दो अखबार हॉकर जितेंद्र साहू की पुत्री पूनम साहू माता पीलेश्वरी साहू ने दसवीं बोर्ड में 88.5प्रतिशत और गातापार निवासी हॉकर देवेंद्र साहू के पुत्र तरुण सागर माता सुरजा बाई ने 83 .6 प्रतिशत प्रतिभाशाली अंक प्राप्त कर साबित कर दिखाया कि प्रतिभा गरीबी और अमीरी की मोहताज नहीं होती है। सुबह बेला में बड़ी विश्वनीयता के साथ वर्षो से घर-घर में अखबार पहुंचाकर देश दुनिया की खबरों से रूबरू कराने वाले इन हॉकरो का सिर इनके संतानों ने ऊंचा किया जिससे माता-पिता गौरवान्वित है। विदित हो कि इनके क्लास के सुविधा संपन्न अनेकों सहपाठी पास भी नहीं हो सके। इन बच्चों की मेहनत लगन अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायी है और क्षेत्र के लिए गौरवमय इतिहास है।



### तरुण ने डिस्टेंशन मार्क्स भरा तोहफा मदर्स डे पर मां को दिया

20 वर्षो से हॉकर का कार्य करते हुए प्रातः प्रतिदिन 25 किलोमीटर सायकल रनिंग करने वाले देवेंद्र साहू ने कहा कि मेरा पुत्र तरुण सागर ने दसवीं बोर्ड में 83.6 प्रतिशत प्रतिभा अंक प्राप्त कर मेरे मेहनत में रंग भरा है। विदित हो कि तरुण सागर अपनी अस्वस्थ मां सुरजा बाई की सेवा में नित्य कोई कसर नहीं छोड़ते है। रविवार को तरुण ने मां सुरजा बाई को डिस्टेंशन मार्क्स भरा तोहफा मदर्स डे पर दिया।



## अंचल की खबरें

### शीतला मंदिर उतई में मना स्थापना दिवस



**उतई।** श्री सिद्धेश्वरी दुर्गा शीतला मंदिर उतई का स्थापना दिवस 11 मई को मनाया गया। मंदिर स्थापना का 30 वर्ष भी पूर्ण हुआ। इस दौरान नगर पुरोहित पंडित उमाशंकर अवस्थी द्वारा विधिविधान से पूजा-अर्चना किया गया, तत्पश्चात मंदिर परिसर में नौ कन्याओ को भोज कराया गया एवं नगर के वासियो के लिए माँ सिद्धेश्वरी से कुशल क्षेम की प्रार्थना की गई। इस दौरान भोला चंद्राकर, वाय के भारदीय, संतोष बंभोले, सांवत साहू, पवन यादव, भगवती विश्वकर्मा सहित मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य गण नगरवासियों की उपस्थिति रही।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस, नर्सों का किया सम्मान



**उतई।** महिमा हॉस्पिटल उतई में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नर्सिंग स्टाफ को सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. टीआर कुसुम यादव ने किया। हास्पिटल प्रबंधक प्रियांशु हिरवानी एवं ललित साहू ने सभी को प्रोत्साहित किया। प्रियांशु हिरवानी ने उत्कृष्ट नर्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान छम्मन लाल निर्मलकर, वर्षा वर्मा, पल्लवी साहू, कमलेश्वरी यादव, संध्या अग्रवाल, ममता वर्मा, डॉ. भुपेंद्र साहू, डॉ. आविशी, सपना यादव, डुकेश्वरी, मिनाक्षी, टीकेश्वर वर्मा, नेहा नारंग, हर्षना कुर्रे, प्रिती, अर्पित देवांगन, वर्षा साहू, कमला, रमा वर्मा, डॉ. आकाश साहू, प्रवीण पटेल, राधेश्याम आदि उपस्थित थे।

### सेजेस जंजगिरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**कुम्हारी।** सेजस जंजगिरी अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, इस विद्यालय में कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम में 35 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिसमें 32 विद्यार्थियों ने प्रथम और तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं कृष कुमार सिंह ने 577 अंकों के साथ 96.16 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं अंग्रेजी माध्यम में 25 विद्यार्थी अध्यनरत हैं, जिसमें 15 विद्यार्थियों ने प्रथम, 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय और एक विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस कक्षा की खुशबू यादव कॉमर्स संकाय ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया है। इस प्रकार दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम कक्षा दसवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 84.7 प्रतिशत तथा हिंदी माध्यम कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 94.1 रहा । संस्था प्रमुख मिनी गोपीनाथन ने समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दिया है। परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए समस्त विषय के शिक्षकों को सहयोग एवं बच्चों के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है, पालकों द्वारा भी बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्य एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया गया।

### कुम्हारी स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**कुम्हारी।** पीएम श्री सेजस कुम्हारी विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के 10 वीं और 12 वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सेजस कुम्हारी के बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत रंग लाई। हमेशा की तरह परीक्षा का उत्कृष्ट परिणाम रहा। जिसमें अंग्रेजी माध्यम के बच्चों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 10 वीं में भावेश साहू 95.6 प्रतिशत 12 वीं कक्षा में मीनाक्षी कुर्रे 88.8 प्रतिशत जीव विज्ञान प्राप्त कर विद्यालय में अपना उत्कृष्ट स्थान बनाए। हिंदी माध्यम 12 वीं में 100 प्रतिशत और दसवीं में 88.5 प्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें कक्षा 10 वीं की श्रद्धा केवर्थ्य 93.16 प्रतिशत एवं 12 वीं की तिलेश्वरी यादव 90.4 प्रतिशत (जीव विज्ञान) विद्यालय में अपना प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के दसवीं के 138 एवं कक्षा 12वीं के 129 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। दसवीं में 108 बच्चे प्रथम स्थान में और 12 वीं में 97 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए विद्यालय के प्राचार्य लता रघुकुमार ने सभी शिक्षकों को बधाई दी।

### पाटन अस्पताल में मरीजों को किया फल वितरित



**पाटन।** विधानसभा स्तरीय एनएसयूआई के अध्यक्ष युवराज साहू के जन्म दिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में मरीजों को फल वितरण किया गया। जिसमें युवराज साहू ने मरीजों से चर्चा करते हुआ कहा कि गर्मी के मौसम चल रहा है और सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। इस दौरान लीलेश वर्मा पूर्व पार्षद, राज देवांगन, मनीष देवांगन पार्षद, सरजू साहू, नीरज सोनी, इकेश वर्मा, साहिल, विकास साहू, याशू देवांगन, विकास सिन्हा, टाकेश्वर साहू, समीर कोसे, निखिल विनायक आदि उपस्थित थे।

# बोरी महाविद्यालय में सम्मान समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में शनिवार को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड' के अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं उनके द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका 'महाविद्यालय दर्पण' का विमोचन किया गया। इसके साथ महाविद्यालय जन-भागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कमर तलत ने की। उन्होंने जितेंद्र साहू को छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी और महाविद्यालय के विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में उनसे चर्चा की। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने महाविद्यालय में ढांचागत निर्माण, महाविद्यालय तक जाने वाली सड़क निर्माण एवं पेयजल की सुविधा सुदृढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम का संचालन मोहित कुमार सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र ने किया। इस कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के सदस्य इंद्रविजय ताम्रकार, कामदेव साहू, लोकनाथ वर्मा, दौलत राम, मिथिलेश मांडवी, दुष्यंत देशमुख, पुनउ राम सहरिया आदि उपस्थित थे।



■ महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'महाविद्यालय दर्पण' का किया विमोचन



**खबर संक्षेप**



## शनि प्राकट्य महोत्सव 27 को, सेक्टर 6 मंदिर में हुआ ध्वज पूजन

**भिलाई।** ज्येष्ठ माह की अमावस्या 27 मई को सभी स्थानों में शनि का प्राकाट् महोत्सव सभी स्थानों में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए शनि मंदिरों में तैयारियां तल रही है। इसी कड़ी में शनैश्वर धाम शनिमंदिर समिति सेक्टर 6 द्वारा शनि प्रकाट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर 27 मई की सुबह 9.30 से देर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। 27 मई के आयोजन की तैयारी के लिए रविवार को कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व ध्वज पूजन एवं भूमिपूजन किया गया। शैनेश्वर धाम शनिमंदिर के पुजारी एवं समिति के सदस्यों ने विधिवत कार्यक्रम स्थल में ध्वज लगाकर पूजन कर शनि प्रकाट्य महोत्सव की तैयारियां का शुभारंभ किया। आयोजन की जानकारी देते हुए समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह बबलू ने बताया कि हर साल शनि जयंती के अवसर पर वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ हवन-पूजन किया जाता है। जिसमें कोई भी सेवा देने आयोजन में शामिल हो सकते है।

## समता उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण, बनेगा पाथवे



**भिलाई।** नेहरू नगर पश्चिम के वार्ड 4 स्थित समता उद्यान का सौंदर्यकरण किया जाएगा। स्थानीय निवासी रामकुमार गुप्ता के साथ अन्य लोगों द्वारा पूर्व में निर्मित समता उद्यान का सौंदर्यकरण, पाथवे का निर्माण, बच्चों को खेलने के लिए झूला, योग करने के लिए मंच, एक्सरसाइज करने के लिए जिम आदि की मांग की गई थी। इसे देखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू के साथ समता उद्यान निरीक्षण करने पहुंचे। स्थानीय निवासियों के साथ समता उद्यान के चारों तरफ भ्रमण किया। योजना बनाई। किस प्रकार से उद्यान को और व्यवस्थित बना दिया जाए। इससे लोगों के लिए टहलने, बैठने, घूमने एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां करने के लिए सुगम हो जाए। उसके लिए प्रस्ताव बनाने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किया। उद्यान अधिकारी को तत्काल रूप से उद्यान की साफ सफाई एवं झूले या खेल के उपकरण लगे हैं, उसे साफ सुथरा व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया। स्थानीय निवासियों ने आयुक्त से वादा किया कि एक बार नगर निगम भिलाई द्वारा बना करके दे दिया जाएगा, तो हम लोग इसके रखरखाव देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं करेंगे। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीपीपी मॉडल पर उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जाए।

# ट्रांसपोर्टनगर की समस्याओं का निदान नहीं होने पर होगा महाधरना

### छग ट्रक एसो. की बैठक में महाधरना व संगठन को मजबूत करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक भिलाई रायपुर के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखचैन सिंह सुखा ने की। बैठक में ट्रांसपोर्टनगर की समस्याओं का जल्द निदान नही होने पर महाधरना की चेतावनी दी गई। साथ ही सभी मुद्दों पर एक साथ रहने औरसंगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

एसोसिएशन के महासचिव प्रभुनाथ बैठा ने उद्देश्य बताया कि मध्य भारत का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में समस्याओं के निदान नहीं होने से ट्रांसपोर्टरों को परेशानी हो रही है। निदान के लिए सदस्यों को दबाव बनाने की जरुरत है। बिना संगठन के हम सभी अधूरे हैं। सभी सदस्यों ने कहा कि मंदिर व भवन की देखरेख नियमित रुप से किए जाने की आवश्यकता है । गाड़ियों के फिटनेस से संबंधित परेशानियों एकजुट होकर आवाज उठाने की जरूरत है ।



#### घोषणा अनुरुप बंद हो कुम्हारी टोलनाका

परिवहन मंत्री के घोषणा के अनुरुप कुम्हारी टोल नाका को खत्म करने, उड़न दस्ता द्वारा छत्तीसगढ़ के गाड़ी मालिकों का शोषण खत्म करने व ट्रांसपोर्ट नगर के जर्जर बड़ी पुलिया व छोटी पुलिया का पुनर्निमाण करने एकजुटता से प्रशासन से मांग करने की जरुरत है। बैठक में छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के संरक्षक सुख चैन सिंह सुखा , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार विश्नोई सहित दुर्गा प्रसाद पटेल ,सुरजीत सिंह सैनी , जसवंत सिंह सैनी, इंद्रजीत सिंह सैनी ,सीता सिंह ,गोपी अरोरा , राजू अरोरा ,गुरप्रीत सिंह ढींगरा, अरुण कुमार बैठा, पंकज सेठी ,बलजिंदर सिंह कलेर ,सतीश अग्रवाल ,नव दीप सिंह ,अजय डालमिया ,संजय शर्मा , नंदलाल शर्मा , बलवीर सिंह ,संजय भारद्वाज ,संत सिंह, जगत राम ने सभी समस्याओं के निदान की मांग की । सभी निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर की बुनियादी समस्याएं देख नाराजगी जताई। सदस्यों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर दारू, मांस मदिरा, मछली का सबसे बड़ा बाजार की तरह लग रहा है। चारों जाम से दुर्घटनाएं हो रही है। ट्रांसपोर्टनगर व नहर किनारे अवैध कब्जों की बाढ़ आ गई है। एसोसिएशन सीएम, निगाम आयुक्त से निदान की मांग करेगी। जल्द निदान नहीं होने पर कलेक्टोरेट के सामने महाधरना दिया जाएगा।

### सैकड़ों अलाटी नियमित जमा नहीं कर रहे रेंट की राशि

# टाउनशिप में कई कर्मियों को दो मकान आवंटित, जिसमें एक चल रहा किराये पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के आवासों में कब्जा करने वालों और किराया नहीं पटाने वालों के साथ दो आवास रखने वाले बीएसपी कर्मचारियों के खिलाफ प्रबंधन का शिकंजा कसने लगा है। ऐसे पांच सौ लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इससे प्रभावितों में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के मुताबिक विजिलेंस विभाग द्वारा की जांच में पता चला कि ट्विन क्वार्टर अलाट कराने वाले कई बीएसपी कर्मियों ने एक मकान को किराए पर उठा रखा है। इससे बीएसपी को नुकसान हो रहा है। वहीं बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रर्वतन अनुभाग द्वारा पिछले एक साल से टाउनशिप के आवासों व जमीनों पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध बेदखली मुहिम चलाई जा रही है। इस अभियान का बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन और यूनियनों ने भी समर्थन किया जा रहा है। विभिन्न सेक्टरों में कई क्वार्टरों को कब्जामुक्त कराया जा चुका है।

### प्रबंधन ने पांच सौ लोगों को जारी किया नोटिस



इसके बाद भी सैकड़ों आवासों में अभी भी कब्जा है। ऐसे कई कब्जाधारियों के खिलाफ और आवासों को किराया नहीं पटाने वाले थर्ड पार्टी के लोगों के खिलाफ प्रबंधन द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। लेकिन ऐसे लोगों के अलावा दो आवास अलाट कराने वाले बीएसपी कर्मचारियों को नोटिस मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। इससे अलाटी कर्मियों में असंतोष व्याप्त है। यूनियनों ने प्रबंधन की दोहरी और ढुलमुल नीति पर सवाल उठाया है। सीटू यूनियन ने कहा कि प्रबंधन 50,60 साल पुराने कंडम आवासों को डिस्मेंटल करने के बाज इन्हें ट्विन क्वार्टर अलाटमेंट के नामपर अपने कर्मचारियों को देकर पल्ला झाड़ रहा है। नोटिस देने के बजाए सभी पुराने मकानों को तत्काल डिस्मेंटल किया जाए। आखिर कर्मचारी इतने छोटे व जर्जर मकान में आज के बढ़े परिवार व भौतिक सामानों के साथ कैसे रहेगा।

#### कब्जे के साथ कई अलाटी नहीं जमा कर रहे किराया राशि

टाउनशिप में विभाग द्वारा जल्द नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घर घर जांच की जाएगी। सैकड़ों लोग दलालों के जरिए आवासों में काबिज हैं और कई आवासधारी ऐसे हैं जो नियमिति रुप से किराया जमा नहीं कर रहे हैं। इन्हें नोटिस जारी कर जल्द आवास खाली करने और किराए जमा कि जाने कहा गया है। विभाग द्वारा कब्जा कराने वाले पेशेवर व दलालों के खिलाफ नकेल कसने की तैयारी कर की जा रही है।

## सेल को रिकॉर्ड मुनाफा के बाद भी एरियर्स को तरस रहे कर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल को भारीभरकम मुनाफे के बाद भी अब तक 49 महीने का एरियर्स का भुगतान नही होने से हजारों सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। वेतन समझौता सहित एरियर्स लंबित होने कर्मियों को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने जल्द वेतन समझौता पूर्ण करने और एरियर्स की मांग की है। पिछले 6 वर्षो में सेल को 35452 करोड़ रुपया का कर पूर्व लाभ हुआ है । यदि बीते वित्त वर्ष के संभावित लाभ 3 हजार करोड़ रुपया को उसमें जोड़ दिया जाय तो 7 वर्षो के मुनाफा का आँकड़ा 38452 करोड़ रुपया हो जायेगा । बीएकेएस के कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा ने बताया कि भारी भरकम मुनाफा होने के बाद भी सेल कर्मियों के वेज रीविजन में 2 प्रतिशत कम एमजीबी, 8.5% कम पर्क्स का लाभ दिया गया।

- प्रबंधन की वादाखिलाफी से हजारों कर्मियों में बढ़ा असंतोष
- बीएकेएस ने जारी किए 7 साल के मुनाफा के आंकड़े

अधिकारियों को अप्रैल 2020 से पर्क्स प्रभावी कर 19 माह के पर्क्स का एरियर भी दिया गया तो कर्मचारियो को पर्क्स का एरियर नही देना पड़े उसके लिए सरकार की मंजूरी तारीख का आधार बनाया गया । 39 माह के फिटमेंट के एरियर्स को देने का समझौता करने के बाद भी अभी तक वेज रीविजन का एमओए नही किया गया है । यह प्रबंधन की वादाखिलाफी है। यूनियन ने जल्द अधूरे वेज रिवीजन व एरियर्स की मांग की है।

#### सेल के मुनाफे का आँकड़ा

| कर | पूर्व लाभ | राशि करोड़ रुपया में |
|---|---|---|
| 2024- | 25 | 3000 |
| 2023 | 24 | 3688 |
| 2022 | 23 | 2637 |
| 2021 | 22 | 16039 |
| 2020 | 21 | 6879 |
| 2019 | 20 | 3171 |
| 2018 | 9 | 3338 |
| कुल | 38452 करोड़ रुपया | |

वेज रीविजन एरियर मद में संभावित खर्च - 800 करोड़ रुपया

## हर कार्यकर्ता का आपस में परिचय आवश्यक इसलिए ऐसी बैठकें जरूरी: प्रेमप्रकाश पांडेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल की संगठनात्मक एवं परिचयात्मक बैठक सेक्टर 6 कालीबाड़ी मंदिर हॉल मे आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय थे। अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। विशेष रूप से महामंत्री प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, संजय दानी, उपासना साहू, करन कन्नौजे एवं सुमन कन्नौजे उपस्थित थे।

- कालीबाड़ी सेक्टर 6 में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

इस अवसर पर पाण्डेय ने समस्त कार्यकर्ताओं का परिचय लिया। उन्होंने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन का महत्व समझाया। उन्होंने बताया की ऐसी परिचयात्मक बैठक से हमें अपने सह कार्यकर्ताओं को और अच्छे से जानने का अवसर प्राप्त होता है। पुरूषोतम देवांगन ने सबको भाजपा की रीति-नीति से अवगत कराया। भाजपा में अनुशासन की महत्वता को बताया। मंच संचालन मंडल उपाध्यक्ष बी पद्मनाभन ने और धन्यवाद ज्ञापन सरोज टहनगुरीया ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मण ललखेर, रामकुमार गुप्ता, डॉ. प्रदीप चौधरी, मनीष पांडेय, विनोद देवांगन, रजनीकान्त पांडेय, उज्ज्वल दत्ता, नवनीत हरदेल सहित अन्य मौजूद थे।

## सुशासन त्यौहार में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और कुपोषित बच्चों को मिला सुपोषित आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन 1 नेहरू नगर में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड क्षेत्र के नागरिकों ने समस्याओं से जुड़े आवेदन किए। उनका निराकरण किया गया। निराकृत आवेदन के बारे में संबंधित आवेदकों को बताया गया। उनके द्वारा दी गई शिकायत का जो निराकरण किया गया और मांग के अनुसार उसका समाधान किया गया। इसी तारतम्य में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने 9 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया। इसके साथ ही 8 कुपोषित बच्चों को सुपोषित आहार किट प्रदान किया गया। विधायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी बच्चा कुपोषित ना रहे। गर्भवती महिलाओं को बराबर आहार मिले। इससे मां स्वस्थ रहे, आने वाले बच्चे भी स्वस्थ रहें। नेहरू नगर जोन में कुल 15 वार्डों में से 751 मांग 546 प्राप्त हुई थी। जिसमें से 522 का निराकरण कर दिया गया। शिकायत 205 मिले थे, उसमें से 189 का निराकरण कर दिया गया है। शेष का प्राक्कलन बनाकर के प्रक्रिया में ला दिया गया है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं शिकायतों के निराकरण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

- आयोजित कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन हुए शामिल




#### जोन-2 में सुशासन तिहार समाधान शिविर आज

जोन-2 में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन 13 मई को लोकांगन परिसर वैशाली नगर में किया जाएगा। इसमें वार्ड 14 शांति नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर, वार्ड 16 सुपेला, वार्ड 19 राजीव नगर, वार्ड 20 वैशाली नगर, वार्ड 27 शास्त्री नगर, वार्ड 28 प्रेमनगर, वार्ड 29 वृंदानगर के नागरिक शामिल होंगे। 17 मई को हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड सामुदायिक भवन में शिविर लगेगा। जहां वार्ड 21 कैलाश नगर, वार्ड 22 कुरूद बस्ती, वार्ड 23 घासीदास नगर, वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 25 जवाहर नगर के नागरिकों के आवेदनों का समाधान बताया जाएगा।

## हनुमान मंदिर का हैंडपंप दो महीने से सूखा पड़ा

**भिलाई।** एक ओर नगर निगम शहर में पेयजल समस्या नहीं होने का दावा कर रहा है वहीं दूसरी ओर निम मुख्यालय के सामने घडी चौक सुपेला के निकटस्थ हनुमान मंदिर के भक्त व बाजार के लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं। कई बार निगम के कर्मियों से गुहार करने के बाद भी यहां स्थित बिगड़े पड़े हैंडपंप को रिपेयर नहीं किया गया है। मंदिर व क्षेत्रवासियों ने निगम आयुक्त से जल्द इस बोरिंग को ठीक कराने की मांग की है। हनुमान मंदिर में हैंडपंप पिछले दो महीने से बिगड़ा हुआ है। इस बोरिंग के पानी का उपयोग मंदिर में आने वाले श्रद्धालू और यहां होने वाले धार्मिक आयोजनों के साथ के साथ मार्केट के व्यवसायी भी उपयोग करते हैं। लेकिन हैंडपंप के लंबे समय से खराब होने से पानी नहीं निकल रहा है। इससे भक्त व क्षेत्रवासी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। मंदिर के पुजारी पं. शिव गणेश मिश्रा ने बताया कि कई बार निगम कर्मियों से पंप सुधारने की मांग के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिए जाने से सभी को परेशानी हो रही है। हैंडपंप को जल्द ठीक किया जाने से भीषण गर्मी में राहत मिलेगी।



- पानी को तरसे भक्त व व्यवसायी

### रेलवे यात्री सलाहकार समिति का पुनः किया जाए गठन

# इंदौर-बिलासपुर ट्रेन का विस्तार किया जाए दुर्ग तक, दूरंतो और कुर्ला-भुवनेश्वर का भी हो ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ से मालवा अंचल, मराठवाड़ा और हाइटेक सिटी बेंगलुरू जैसे शहरों के लिए पर्याप्त ट्रेनों चलाए जाने की मांग की गई है। रेलवे यात्री संघ के संजय बोहरा ने कहा कि बेंगलुरू जैसे शहर के लिए हफ्ते में सिर्फ दो दिवसीय ट्रेन हैं, जहां छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में यात्री इस मार्ग में सफल करते हैं। इस मार्ग पर कम से कम पांच दिवसीय ट्रेन चलाई जानी चाहिए। मालवा अंचल इंदौर से भी ट्रेनें काफी कम हैं। छिंदवाड़ा जो कि एसईसीआर रेलवे जोन के अंतर्गत आता है। अब तक रेल यात्री गाड़ी नहीं मिली है। इंदौर, छिंदवाड़ा, औरंगाबाद, मराठवाड़ा, बेंगलुरू की कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों में दुर्ग का स्टॉपेज नहीं दिया है। इसमें हावड़ा मुंबई-हावड़ा दूरंतो, भुवनेश्वर-कुर्ला जैसी ट्रेनें शामिल हैं। वर्तमान में बिलासपुर से इंदौर के लिए नर्मदा एक्सप्रेस चलती है, जो बहुत लंबा समय लेती है। अगर इसे दुर्ग से चलाया जाए तो राजधानी और इस्पात नगरी को इसका लाभ मिल सकता है। शिवनाथ एक्सप्रेस सुबह 3:30 बजे इतवारी स्टेशन पहुंच जाती है। इतवारी से छिंदवाड़ा रेल मार्ग बन चुका है। इसे छिंदवाड़ा तक बढ़ाया जा सकता है। यह बिलासपुर जोन की गाड़ी है। इसके साथ आदर्श स्टेशनों में रेलवे यात्री सलाहकार समिति का गठन विगत कई वर्षों से नहीं किया गया है। इसमें कोई वेतन और मानदेय नहीं मिलता, लेकिन स्टेशन मास्टर की अध्यक्षता में इसका गठन होना चाहिए। ताकि स्थानीय समस्याओं से रेलवे बोर्ड को अवगत कराया जा सके। सीनियर सिटीजन को मिलने वाली सुविधा को पुनः शुरू किया जाए। लेकिन रेल यात्री गाड़ी के नाम पर हमें सिर्फ दर्पण दिखाया जाता है। सुविधाओं की भारी कमी है, इस दिशा में आवश्यक प्रयास की आवश्यकता है।

यात्रियों ने उठाई मांग



## जामुल में सुशासन तिहार में समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का शुभारंभ नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण कर किया गया। जिसमें पार्षदगण दीपक गुप्ता संजय देशलहरे, रामप्यारी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड 9 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्र. 05, 07, 09 एवं 10 के आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास के लिए 09 आवेदन, वद्युित विभाग के लिए 06 आवेदन, राजस्व विभाग हेतु 15 एवं खाद्य विभाग से संबंधित 06 आवेदन, नगर पालिका जामुल से संबंधित पर 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सफाई संबंधित कार्यो का समाधान तत्काल किया गया। समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी महेश राजपुत, तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें। इसमें साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 38 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष विभाग द्वारा 67 लोगों को दवाई वितरण के साथ 07 हितग्राहियों का आधार अपडेट भी किया गया। अगला समाधान शिविर वार्ड 13 मंगल भवन में 16 मई को आयोजित होगा । जिसमें वार्ड 8, 11, 12, 13, 14 एवं 15 के समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

- गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण किया




02 दो दिवसीय राज्य स्तरीय नाचा महोत्सव का हुआ समापन

## लाइव इवेंट

### पूर्व सैनिकों का देशभक्ति प्रदर्शन, ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में की गई नारेबाजी



**भिलाई।** जिले के पावर हाउस चौक पर सोमवार को एक विशेष देशभक्ति माहौल देखने को मिला, जब पूर्व सैनिकों ने एकत्र होकर भारतीय सेना के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से क्षेत्र गूंज उठा और राहगीरों ने भी इस राष्ट्रभक्ति के आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व सैनिकों ने बताया कि वे हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में 22 अप्रैल को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से आहत हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद भारतीय सेना द्वारा प्रारंभ किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का वे न केवल समर्थन करते हैं, बल्कि सेना के साथ खड़े हैं। पूर्व सैनिकों ने इस दौरान स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सुरक्षा और अखंडता सर्वोपरि है और किसी भी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि देश की रक्षा में लगे सैनिकों को हर स्तर पर सशक्त और सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने देश के नागरिकों से भी अपील की जिस तरह सभी जाति धर्म के लोगों ने सेना के प्रयासों का मनोबल बढ़ाया और राष्ट्र की सुरक्षा में सहभागी बनें है, उसी तरह सदैव सेना के साथ खड़े रहने की जरूरत है। यह आयोजन न केवल पूर्व सैनिकों की एकता और सजगता का प्रतीक है, बल्कि भारत की तीनों सेनाओं का दुश्मन देशों को लोहा मनवाने में भारतीय सेनाओं के प्रति आत्मविश्वास भी है। इस अवसर पर पूर्व सैनिक राजेश कुमार भगत, बसंत कुमार, रामप्यारे, चंद्रभूषण सिंह, चंद्रशेखर सिंह, चंदन सिंह, झुमुक लाल, मनोज पांडे, आमोद सिंह, जी. याराना, आशीष चौधरी, विशाल देशमुख, विनोद कुमार, शिवा रायडू, बृजेश कुमार, संजीत विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### भारतीय सेना के सम्मान में कलाकारों ने बनाई 100 फीट से ज्यादा लंबी पेंटिंग

**भिलाई।** भारतीय सेना के सम्मान में सिविक सेंटर कृष्ण-अर्जुन रथ परिसर में 100 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण किया गया। कलाकारों ने सेना के जवानों को देश का सच्चा हीरो निरूपित करते हुए तिरंगा लहराकर उनको सलाम किया। इस दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के चित्रकार प्रभुचरण जेना, यश दलवी, कांता देवी, विजय शर्मा, तरूण धोटे, रूपा साहू, ललेश्वरी साहू, प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, श्रेयांश जेना, युवान, गतिक शांडिल्य, चार्विक, अहाना खान, परवेज खान, फहमिदा खान तथा ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने अपनी तुलिका से सेना के पराक्रम को प्रदर्शित किया। पेन्टिंग बनाने के दौरान सैकड़ो लोगों के देशभक्ति पूर्ण नारों से पूरा आसमान गुंजायमान हो उठा और सर्वधर्म के लोगों ने हाथ से हाथ थामकर एकता का प्रदर्शन करते हुए सीजफायर के फैसले का स्वागत किया। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले का जवाब देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में संचालित आतंकवादी ठिकानों पर हमला करके उसे माकूल जवाब दिया है। प्रभुचरण जेना ने अपनी पेन्टिंग में पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए दर्शाया है कि यह नया भारत है जो घर में घुसकर मारता है। यश दलवी ने भारतीय सेना के साये में भारतीय सरजमीं को सुरक्षित दर्शाया है। कांता देवी ने पेन्टिंग में दर्शाया कि देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है। रूपा साहू और लल्लेश्वरी साहू ने सिंदूर का बदला पाकिस्तान कंगला लिखकर सिविक सेंटर परीक्षेत्र के माहौल को जोश से भर दिया। वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा और तरुण धोटे ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि मुंह छुपाकर आतंक फैलाने वालों का भारतीय सेना समूल नाश कर देगी। इस प्रकार अन्य कलाकारों ने अपनी प्रतिभा को कैनवास पर उकेरा। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.अंकुश देवांगन ने किया। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे भारत में युद्ध का लंबा चलना उचित नहीं है। इससे भारत में आने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां परहेज करेंगी और देश की तरक्की रूक जाएगी। इस अवसर पर लोगो ने तिरंगा लहराकर देशभक्ति के नारे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।



- सिविक सेंटर स्थित कृष्ण-अर्जुन रथ परिसर में आयोजन
- दुर्ग-भिलाई के कलाकारों ने पेंटिंग बनाकर देशभक्ति का दिया संदेश



● बुद्ध कुटी शंकर नगर, आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर-6 सहित अन्य जगहों पर पूरे दिन कार्यक्रम

# बुद्ध पूर्णिमा पर बही भक्ति की बयार: जामा मस्जिद के सामने खीर, खिचड़ी और शरबत का वितरण, अस्पताल में बंटे फल

भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुद्ध जयंती और बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से बनाई गई। बुद्ध कुटी शंकर नगर में सुबह ध्वज फहराया गया। इसके धम्म चर्चा हुई। इधर भिलाई में सेक्टर-6 स्थित डॉ. बाबा साहेब सांस्कृतिक भवन में भी सुबह से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुद्ध और बाबा साहेब के अनुयायी सुबह सुपेला अस्पताल और जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचे। जहां फल का वितरण किया गया। दोपहर में जामा मस्जिद सेक्टर-6 और सेक्टर-2 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान खीर, खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। फल भी बांटे गए। इस अवसर पर भिलाई-दुर्ग के 12 से ज्यादा जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।



### बुद्ध धर्म में दान-पुण्य का विशेष महत्व, यह एक पुनित कार्य

सम्यक मैत्री परिवार भिलाई ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 11 बजे सेक्टर-2 पेट्रोल पम्प के समीप खीर, शरबत व फलों का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेक्टर 9 हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय ढाबर्डे थे। उन्होंने कहा कि बुद्ध धर्म में दान पुण्य महत्वपूर्ण है। यह एक पुनित कार्य है। वरिष्ठ पत्रकार शिवनाथ शुक्ला ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शान्ति का संदेश दिया। आज के समय में उनके वचनों का अनुसरण करना हम सब के लिये जरुरी हो जाता है। पत्रकार अनिल साखरे ने कहा कि बौद्ध समाज हमेशा से परोपकार के कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस परम्परा को हमेशा कायम रखना होगा। ताकि बच्चों को भी इसकी जानकारी हो सके। पत्रकार प्रवीण शर्मा एवं पी मोहन की उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष वत्सला भवते ने की। कोषाध्यक्ष विलास राहुलकर ने समिति की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम का संचालन संजय मेश्राम ने किया। इस अवसर पर तथागत समाज कल्याण समिति ने फलदान भी किया। कार्यक्रम में हरिकिशन भवते, सुषमा राहुलकर, सुषमा अजय अडकणे, प्रकाश अर्चना बांसोड़, बेबीनंदा उत्तम देश भरतार, शांता कपिल डोंगरे, संगीता जितेंद्र बोधी धोटें, रेखा पुरुषोत्तम जनबंधु, आशा जुल्में, लता मुकेश गोसाई आदि मौजूद थे।



### सुबह सुपेला अस्पताल में किया गया फलों का वितरण



तथागत समाज कल्याण समिति एवं तथागत महिला समिति ने सामाजिक कार्य करते हुए बुद्ध पूर्णिमा पर फल का वितरण किया। सुबह 9 बजे लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में 60 भर्ती मरीजो को 5 प्रकार के फलों को दान किया गया। समिति के अध्यक्ष अनिल साखरे, महासचिव धनंजय मेश्राम, कोषाध्यक्ष आनंद चौहान, डॉ. सोनिका बोधी उपस्थित थे। फलदान कार्यक्रम में अस्पताल प्रभारी पियाम सिंह समिति के इस काम की प्रशंसा की। इस अवसर पर श्याम राव ढोक, सुरेश श्याम कुंवर, अनिल गजभिए, सिद्धार्थ बोरकर, सुमेध बोधी, नवीन इंदुरकर, प्रशांत चौहान, सुनील लबादे आदि मौजूद थे।

### गौतम बुद्ध एक महान धर्म गुरु और बौद्ध धर्म के संस्थापक : कुरैशी



छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को बौद्ध धर्म के संस्थापक महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती पर बुद्ध पूर्णिमा मनाया जाता है। गौतम बुद्ध एक महान धार्मिक गुरु और बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। वे सत्य, करुणा और अहिंसा के संदेशवाहक माने जाते हैं। उनका जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी वर्तमान नेपाल में हुआ था। उनका असली नाम गौतम था। वह शाक्य कुल के राजकुमार थे। हालांकि बाद में उन्होंने संसार के दुखों को देखकर राजपाठ का त्याग कर दिया। और वे सत्य की खोज में निकल पड़े। कई वर्षो की तपस्या एवं ध्यान के बाद उन्हें बिहार के बोधगया में पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे बुद्ध कहलाये। गौतम बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन एवं विचार आज भी लोगो के जीवन में शांति, करुणा और सत्य का प्रकाश फैलते आ रहा हैं। वर्तमान में भी उनका उपदेश आत्मिक विकास का मार्ग दिखाता हैं। और जीवन की कठिनाइयों में संयम एवं समझ का मार्गदर्शन दिखाता है। वे सत्य, करुणा और अहिंसा के प्रतिक माने जाते हैं।

## झुलसाने वाली गर्मी में पौधों को सहेजने चला रहे अभियान, हरा-भरा रखने रोज दे रहे पानी

**भिलाई।** मनवा कुर्मी कल्याण समिति इस भीषण और झुलसाने वाले गर्मी में पौधों को सहेजने की दिशा में अभियान चला रहे हैं।

- मनवा कुर्मी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने की अनोखी पहल



पहले से रोपित छोटे पौधों को पानी देकर उन्हें हरा-भरा रखने की दिशा में काम कर रहे हैं। समिति की कार्यकारिणी बैठक में इसे लेकर निर्णय लिया गया था। इसके बाद युवा सक्रिय हो गए हैं। प्रत्येक रविवार को सुबह भिलाई होटल के सामने मैदान एवं पायोनियर मोन्यूमेंट सिविक सेंटर के सामने रोपित सभी छोटे पौधों में पानी डालने का काम किया जा रहा है। पौधों में पानी सिंचित कर पौधों को बचाने का अनूठा प्रयास कर रहे हैं। पौधों में जल सिंचित करना समिति की तरफ से एक छोटा सा प्रयास है,ताकि हम प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में अपना योगदान प्रदान कर सकें। इस काम में अध्यक्ष सेवकराम वर्मा, महासचिव जयप्रकाश वर्मा, मुख्य कोषाध्यक्ष-नरेन्द्र परगनिहा, सचिव-राजेश नायक, भगवती चरण मढ़रिया, पीलाराम वर्मा, कृतराम मढ़रिया, विजय वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, संतोष कुमार बंछोर, मोतीलाल वर्मा, निशीकांत परगनिहा, रमेश कुमार वर्मा, पवन कुमार वर्मा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## रक्तदान कर जिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला की बचाई जान



**भिलाई।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में एडमिट गंभीर मरीज त्रिलोचन गुंडरदेही को तीन ओ निगेटिव ब्लड और दो ओ निगेटिव प्लेटलेट की जरूरत थी।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक ने तत्काल तीन ओ निगेटिव ब्लड उपलब्ध कराया। इसी प्रकार दो ओ निगेटिव प्लेटलेट की जरूरत थी, तो ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय दुर्ग ने दो प्लेटलेट डोनर श्वेता और सूर्यकांत के ब्लड देकर प्लेटलेट उपलब्ध कराया। वहीं सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा का शासकीय अवकाश होने के बाद भी अंजलि साहू को ब्लड उपलब्ध कराया गया। वह डिलीवरी वार्ड में भर्ती हैं। उन्हें ओ निगेटिव ब्लड की जरुरत थी। डोनर वंदना ने ब्लड देकर महिला की जान बचाई। ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि अवकाश का दिन होने के बाद भी अस्पताल के ब्लड बैंक से जरुरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराया गया। इस दौरान नर्स तरुणा रावत, सीनियर लैब टेक्नीशियन तरन्नुम जहां, दिनेश, कुसुम चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर और प्रशिक्षणार्थी प्राची और रूची ने अहम भूमिका निभाई।

## निषाद केवट समाज के वार्षिक सम्मेलन में जिलों के प्रतिनिधि हुए शामिल

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। आयोजन में प्रदेशभर के आए 40 जोड़ों का विवाह भी हुआ। आदर्श विवाह कार्यक्रम फुण्हर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई निषाद समाज के पदाधिकारी तथा विवाह के लिए जोड़े भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी निषाद थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान रामचंद्र तथा महाराजा गुहा निषादराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद एक करोड़ रुपए लागत से बनने वाले नवीन निषाद भवन छात्रावास का भूमिपूजन किया। राज्यमंत्री ने समाज को संबोधित करते हुए जयकारों के साथ प्रदेश संगठन का आभार जताया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई दी।

### निषाद समाज के आदर्श विवाह समारोह में 41 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, 1 करोड़ से बनेगा सामाजिक छात्रावास



#### युवाओं को समाज से जुड़कर काम करने की जरुरत



मुख्य अतिथि चौधरी ने कहा कि सामाजिक आयोजन सिर्फ महिला या बुजुर्गों की जिम्मेदारी नहीं है।इसमें युवाओं की भागीदारी जरूरी है, जो युवा शिक्षित हो रहे हैं। उन्हें समाज सेवा से भी जुड़ना जरूरी। ऐसे अधिवेशन के जरिए युवाओं को सही रास्ते पर लाने का प्रयास भी होना चाहिए एवं समाज के युवाओं को राजनीति में आने की बात कही। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समाज संबोधित करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को गंगा पार कराने वाले है। उन्होंने कहा कि नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता, एकता और युवाओं को दिशा देने का कार्य करते हैं। यह गर्व की बात है कि निषाद समाज न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि आज समाज प्रदेश और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को सपने देखने की जरूरत है। साकार करने का संकल्प तथा सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। अपने समाज को सुधारने के लिए बेटा बेटियों को आगे बढ़ाएं और शिक्षित करें।

#### प्रदेशभर के सामाजिक प्रतिनिधि कार्यक्रम में हुए शामिल

इस कार्यक्रम में प्रदेशभर के सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह मांझी, युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज कश्यप, विधायक मोतिलाल साहू ने समाज को संबोधित किया। कार्यक्रम में दुर्ग अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, एमआर निषाद, कोमल निषाद, प्रदीप केवट, बुधारु राम निषाद, विरेन्द्र कुमार निषाद, संतोषी निषाद, हेमलता निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# क्षत्रिय वीरांगनाओं ने लगाए देश-भक्ति के नारे, बांटी शरबत



**भिलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना ग्रुप की सदस्याओं द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर अनेक सेवा कार्य किये। इस दौरान वीरांगनाओं ने अपनी कार्यकरिणी की विस्तार भी किया। सेवा कार्यो की कड़ी में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगनाओं द्वारा डीपीएस चौक के पास शनि मन्दिर पर राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। इस दौरान सबसे पहले प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह द्वारा महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। सभी वीरांगनाओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर फिर शर्बत का वितरण रहागीरों को किया गया। देश में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हूये भारत माता के झंडे हाथ में पकड़ कर व आस पास देश के झंडे लगाकर देश भक्ति का प्रदर्शन किया।

- **अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना ग्रुप का आयोजन**

इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में शामिल वीर सैनिकों की रक्षा करने की प्रार्थना कर हनुमान मंदिर में महामृत्युंजय का जाप किया गया। वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारों से देशप्रेम की भावना को व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ललीता सिंह, उपाध्यक्षा पुष्पा सिंह, दुर्गेश ठाकुर, सहसचिव संध्या चन्देल, कोषाध्यक्षा कुसुम सिंह, महामंत्री सुषमा सिंह, संगठन मंत्री सुधा राठौर, सहसंगठन मंत्री गायत्री सिंह, कार्यकारिणी सदस्य संध्या सिंह, रिंकी सिंह, अंजलि बिसेन, अरूणिमा बिसेन सहित अन्य महिलाएं अपनी उपस्थिति देकर शरबत वितरण कार्य से सेवाएं दी।



## धर्म इवेंट

# प्रभु की कृपा से ही होगी आनंद की प्राप्ति, भक्ति व जप से मिलेंगे भगवान



**भिलाई।** जगदगुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी दवरा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, जुनवानी खम्हारिया रोड स्मृति नगर में दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। नवें दिन धामेश्वरी देवी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि विश्व का प्रत्येक केवल आनंद ही चाहता हैं। वह आनंद केवल भगवान्की कृपा से ही प्राप्त किया जा सकता हैं। सर्वसमर्पण करके कोई भी जीव भगवत्कृपा का लाभ ले सकता हैं। इसके लिये हमें संसार से वैराग्य और भगवान में अनुराग करना होगा। वैराग्य हमें मन से करना होगा। हमें संसार की वास्तविकता समझनी होगी कि संसार में सुख नही हैं। यदि कोई कहीं सुखी दिखाई भी पड़ता हैं तो वह भ्रान्ति मात्र हैं क्योंकि सांसारिक सुख अनित्य और सीमित हैं। वेदों में भगवत्कृपा प्राप्त करने के लिये तीन मार्ग बताये गयें हैं, कर्म, ज्ञान, और भक्ति मार्ग। इसके अलावा जितने भी मार्ग विश्व में प्रचलित है, वह पाखंडियो द्वारा बनायें गयें हैं। कर्म मार्ग का विश्लेषण करते हुए देवी ने बताया कि कि वेदों में अनेक कर्मकांडों का वर्णन मिलता है पूजा-पाठ, यज्ञ आदि, लेकिन वेदों में कर्मकांड की घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण यह बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है, मायिक है। वेदों में यज्ञ के लिए कड़े नियम बताए गए हैं। सही स्थान, सही समय, सही तरीके से कमाया धन, उससे एकत्रित हवन सामग्री और आहूति डालते समय, वेद मंत्रों का ठीक-ठीक उच्चारण आदि आवश्यक होता है। यदि मंत्र उच्चारण में ही त्रुटि हो गई या क्रिया के विधान आदि में त्रुटि हो गई तो ये सभी कर्म-धर्म यजमान का नाश कर देंगे। जैसे बिजली घर में अगर गलत तार कहीं से जुड़ गया तो पूरी मशीनरी खराब हो जाती है। इसी प्रकार गलत मंत्र उच्चारण करने पर पूरा कर्म-धर्म नष्ट हो जाएगा और हमें दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा।

- **मात्र कर्मकांड से होगी मायिक क्षणभंगुर स्वर्ग की प्राप्ति - धामेश्वरी**

कुछ लोग कर्म-धर्म के द्वारा ईश्वर को पाना चाहते हैं वे सब धर्मों को छोड़कर मेरी शरण में आ जाओ। कलियुग में कर्म-धर्म का पालन करना ही असम्भव है क्योंकि इसमें बड़े कठिन नियम हैं, लेकिन यदि कोई इन नियमों का वेदों के अनुसार पालन कर भी लेता है तो उसका अधिक से अधिक फल स्वर्ग है। किसी भी कर्म-धर्म में मंत्र, देश, काल, कर्ता, आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है और यदि धर्म का आचरण कलियुग में कोई कर भी कर भी ले और यदि कोई वेदों का ज्ञाता है तो भी उसका परिणाम हमें स्वर्ग मिलेगा और स्वर्ग नश्वर होता है। स्वर्ग से लौटकर हमें फिर कूकर, शूकर, कीट, पतंगादि हीन शरीरों अर्थात चौरासी लाख योनियों में घूमना पड़ता हैं। उन्होनें बताया कि स्वर्ग सोने की बेड़ियाँ है। यदि किसी कर्म-धर्म के पालन से प्रभु में प्रेम नहीं बढ़ता तो वह कर्म-धर्म निंदनीय है। भक्ति रहित किसी भी साधन से हम प्रेमानन्द प्राप्त नहीं कर सकतें हैं।

## सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के 12वें अंक ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का हुआ विमोचन हुआ

# सुयोग्य वर-वधु खोजने ब्रह्म प्रकाश पत्रिका के 12वें अंक का विमोचन, खर्चीली शादियों पर रोक लगाने हुई चर्चा

**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा वार्षिक आमसभा और ब्रह्म प्रकाश पत्रिका के 12वें अंक का विमोचन समाजिक भवन स्वामी विवेकानंद हॉल, स्मृति नगर में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समाज को दिखावे व खर्चीली शादियों को रोकने और निर्धन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में आर्थिक सहयोग करने पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में देश के वीर जवानों द्वारा पाकिस्तान के आंतकवादियों से डट कर मुकाबला करते हुए पाकिस्तान को उसकी औकात बताने देश के वीर जवानों को मंच से सैल्यूट करते हुए सेना के जवानों को को ही देश का रियल हीरो बताया। इस अवसर पर समाजिक सदस्यों ने प्रभु राम पर सुंदर मार्मिक गीत- संगीत की प्रस्तुति। सुनील मिश्रा ने प्रभु राम पर गीत और शंकर चरण पांडे ने सुमधुर गीत प्रस्तुत कर समां बांधे रखा।वार्षिक आमसभा एवं ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अंचल के कथाकार डॉ विजय दुबे और सरयूपारीण ब्राम्हण समाज रायपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी और प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला और उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान ब्रह्म देव की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, शंख ध्वनि के साथ पूजा और मंत्रोंच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाज के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथियों का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। जिसके बाद अतिथियों द्वारा समाज की उपयोगी पत्रिका के 12वे अंक का का विमोचन किया गया। इस दौरान महासचिव राम लखन मिश्रा द्वारा वर्ष 2024-25 के समाज की गतिविधियों और महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ की कार्यों की जानकारी दी गई। कोषाध्यक्ष कैलाश पाठक ने समाज की आर्थिक गतिविधियों सहित आय-व्यय की जानकारी दी।




### समाज के बच्चों को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि समाज की गतिविधियां लगातार बढ़ रही है। समाज हित में सभी कार्य किए जा रहे हैं। समाज की बच्चियां भी बहुत आगे बढ़ रही हैं। शक्ति दुबे ने यूपीएससी में प्रथम स्थान लाकर कर ब्राह्मण समाज का नाम रौशन किया है। अधिकांश बच्चे इस बार भी मेहनत कर टॉप पोजीशन में आए हैं उन सभी को समाज की तरफ से शुभकामनाएं दी। महासचिव रामलखन मिश्र ने समाज को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश समाज के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी। जिसमें लेख के साथ शादी योग्य युवक-युवतियों की जानकारी भी दी गई है ताकि योग्य लोगों को सही जानकारी प्राप्त हो सके और इसका लाभ सभी को मिल सके।

### भगवान परशुराम के बताएं मार्ग पर चलने का ले संकल्प

मुख्य अतिथि डॉ सुरेश शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा की जा रही जनगणना में ब्राह्मण समाज अपनी जानकारी उस कॉलम में दे की वह ब्राह्मण है तो इससे समाज की जनगणना में सही जानकारी मिल सकेगी। भगवान परशुराम के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प ले और संगठित रहे। रायपुर परिक्षेत्र सरयु पारीण ब्राम्हण समाज द्वारा खर्चीली शादियों और दिखावा पर रोक लगाने, निर्धन परिवारों को शादी में मदद करने और निर्धन परिवार के बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में आर्थिक सहयोग की दिशा में कार्य कर रहे है साथ ही बच्चों के सामूहिक जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। डॉ विजय दुबे ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को मजबूत बनाने, शिक्षा, खेल, धर्म, संस्कार और हमारे सनातनी पद्धति को समझाने की जिम्मेंदारी अभिभावकों की है, बच्चों को संस्कारी बनाएं। ब्राह्मण का कर्तव्य हर समाज को सही दिशा और दशा बताना रहा है। कार्यक्रम संचालन सचिव सुनील मिश्र ने किया। समाज के उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पांडे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे ने प्रकोष्ठ की जानकारी दी।



**ये रहे उपस्थित** कार्यक्रम में जगत नारायण तिवारी, विष्णु पाठक, संजय पांडे, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी सचिव सुनील मिश्र, कैलाश पाठक, एकता मिश्र, हरे कृष्ण पांडे, दीपक मिश्र, राम विलास मिश्र, सुरेश मिश्र, नर्मदा प्रसाद मिश्र, वीरेंद्र नाथ पांडे, राधा कृष्ण पांडे, महेश तिवारी, अजय द्विवेदी, रूपेश दत्त तिवारी, नरेश प्रसाद मिश्र, राजेंद्र कुमार दुबे, नागेंद्र नारायण मिश्रा, दिनेश त्रिपाठी, मंजू पांडे, राकेश शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी, आनंद तिवारी, अन्नू पांडे, प्रदीप पांडे, रुक्मिणी मिश्र, अखिलेश मिश्र, अंजू तिवारी, जया मिश्र,प्रवीण पांडे, काजल मिश्र, पूनम पांडे, पवन पांडे, संजय मिश्र,विमलेश्वर पांडे, विकास पांडे, सलोनी पांडे, मीना पांडे, शिव शंकर मिश्र उपस्थित थे। कार्य क्रम के अंत में आभार व्यक्त शंकर चरण पांडे ने प्रस्तुत किया।

## आयोजन...

# गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ में बताया साधना का महत्व दक्षिणा में लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**भिलाई।** गायत्री एवं यज्ञ के तत्वज्ञान को जन-जन तक पहुचानें गृहे-गृहे यज्ञ का आयोजन दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों के पांच हजार घरों में किया गया। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में विश्वस्तरीय गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान आचार्यो ने आहार-विहार और साधना का महत्व बताया और दक्षिणा में परिवारजनों को गुटका, तम्बाकू एवं शराब जैसे ख़राब मादक पदार्थो से दूर रहने का संकल्प दिलाया।गायत्री एवं यज्ञ के तत्वज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही यज्ञविधा से मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग सा वातवरण विनिर्मित हो इस उद्देश्य से गायत्री परिवार द्वारा सोमवार को समूचे विश्व में एक दिन चौबीस लाख घरों एवं मंदिर देवालयों जैसे सार्जवजानिक स्थानों में जनकल्याण के लिए चौबीस गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहूति समर्पित की गई। वहीं दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण अंचल के पांच हजार घरों में गायत्री मंत्र से यज्ञ में आहूति दी गई।



पिछले दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे स्थिति में भारत के वीर सपूतों तथा हताहत हुए लोगों को स्मरण कर यज्ञ में आहूति डाली गई। घर - घर यज्ञीय कार्यक्रम की तैयारी के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक जनसंपर्क किया गया था।

### शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य की दी जानकारी

गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य मात्र स्वाहा स्वाहा करना नही था बल्कि जीवन एक यज्ञ है जिसे आचार्यो द्वारा आहार-विहार, साधना उपासना, भोजन और सुख-शांति के लिए देवस्थापना के महत्त्व को बताया गया। दक्षिणा में परिवारजनों को गुटका, तम्बाकू एवं शराब जैसे ख़राब मादक पदार्थो से दूर रहने कहा गया। गायत्री परिवार उपजोन कार्यालय भिलाई के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान में दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा तथा बालोद जिला के गायत्री परिवार के सभी महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## पुरखा के सुरता में दिखा ग्रामीणों का उत्साह

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय नाचा महोत्सव का हुआ समापन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ लोक धरोहर लोक कला समिति अहिवारा दुर्ग के तत्वावधान में पुरखा के सुरता स्वर्गीय दाऊ दुलार सिंह मंदराजी साव की स्मृति में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय नाचा महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत लिटीया जिला दुर्ग में आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सासंद विजय बघेल सांसद उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामवासियों और छत्तीसगढ़ के ख्याति नाचा दलों के कलाकारों ने सांसद का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद श्री बघेल ने दर्शकों की मांग पर मोर संग चलव गा गीत गाकर उपस्थित ग्रामीणों को उत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सांसद द्वारा कलाकारों को प्रतिक चिन्ह, प्रमाण पत्र, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय संस्था छग लोक धरोहर लोक कला समिति अहिवारा दुर्ग के निर्देशक महंत डॉ लीलाधर दास, प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ एवं उनके टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों की स्मृति में आयोजित पुरखा के सुरता कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी।आयोजन समिति के संयोजक महंत डॉ लीलाधर दास साहू, सदस्य लेखराम साहू, कुबेर मानिकपुरी, सुकृत साहू, डबल धीवर, पवन शर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सहित अन्य कार्यकर्ताओ को प्रतिक चिन्ह, शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## तालीम और रोजगार आज कौम की सबसे बड़ी जरूरतः डॉ. एजाज

# तालीम के लिए बजट बढ़ाने और ई-रिक्शा भी देने का ऐलान बैतुलमाल कमेटी का ईद मिलन और सालाना जलसा का आयोजन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** इस्पात नगरी के सामाजिक संगठन बैतुलमाल कमेटी भिलाई का सालाना जलसा और ईद मिलन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के कम्युनिटी हॉल में रखा गया। इस दौरान स्वरोजगार के लिए 8 हाथ ठेला और 12 सिलाई मशीन जरूरतमंदों को दिए गए। आयोजन में मौजूद मेहमानों ने बैतुलमाल कमेटी के काम की सराहना करते हुए भविष्य में इसके विस्तार की जरूरत बताई। वहीं कमेटी की ओर से अपनी सालाना रिपोर्ट के साथ आगे से तालीम के लिए बजट बढ़ाने और जरूरतमंदों को ई-रिक्शा भी देने ऐलान किया गया। शुरुआत जामा मस्जिदर सेक्टर-6 के इमाम मौलाना इकबाल अंजुम ने तिलावते कुरान से की। इस दौरान अतिथि डॉ. एजाजुद्दीन ग्रुप डायरेक्टर फार्मेसी रुगंटा कॉलेज ने कहा कि आज कौम की सबसे बड़ी जरूरत तालीम और रोजगार है, जिसके लिए बैतुलमाल कमेटी लगातार बेहतरीन काम कर रही है।



### जरूरतमंद को मिलेगा रोजगार का प्रशिक्षण

उन्होंने इसके साथ ही जरूरतमंद नौजवानों को रोज़गार के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाने की भी सलाह दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आर ए सिद्दीकी ने कहा कि समाज में तालीम को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने की जरूरत है। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्ज़ा आसिम बेग ने कहा कि विगत 3.5 दशक से चल रही बैतुलमाल कमेटी में कौम के नौजवानों को भी साथ लेने की जरूरत है। डॉ सैयद आफताब रिजवी, डॉक्टर सैयद जावेद रिज़वी और बीएसपी जनरल मैनेजर नदीम खान ने कमेटी के कामों में आगे भी हर संभव योगदान का भरोसा दिलाया। इस दौरान आयोजनकर्ता हाजी अब्दुल हफीज़ भी मंच पर मौजूद थे। सेक्रेटरी हाजी अरमान बेग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मंच संचालन अब्दुल जाकिर खान ने किया। इस पूरे आयोजन में बैतुलमाल कमेटी के सैय्यद आतिफ अली, हाजी आबिद अली, जाहिद इमरान, एम .आई .खान, सैय्यद हुसैन, जामा मस्जिद कमेटी के जमील कुरैशी, एम .एच .सिद्दीकी, अब्दुल कलाम, मुहम्मद जाकिर हुसैन, रिसाली मस्जिद के सदर अंसारी, अफसर खान, हजरत बिलाल मस्जिद के सदर शाहिद अहमद, मदनी मस्जिद से सय्यद अनवार अली, मक्का मस्जिद से यासीन आदि शामिल हुए।

### तालीम के लिए बजट अब 11 लाख

बैतुलमाल कमेटी के अध्यक्ष हमीदुल्लाह सिद्दीकी ने सभी मेहमानों का इस्तकबाल करते हुए सालाना रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि पिछले 33 वर्षों से जारी गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा की कड़ी में 240 जरूरतमंदों की स्कूली और दीनी तालीम के लिए फीस दी गई। इस नेक काम को आगे बढ़ाते हुए कमेटी ने तालीम के लिए अनुमानित बजट 11 लाख रूपया रखा है। उन्होंने बताया कि एक प्रशिक्षित महिला को स्वरोजगार के लिए ब्यूटी पार्लर खोलने में मदद दी गई। हर साल की तरह इस साल भी गरीबों और जरूरतमंदों को रमज़ान माह में राशन किट दी गई। लगभग 778 गरीब लोगों को आर्थिक इमदाद दी गई। इसके साथ ही गरीब जरूरतमंदों को बीमारी के इलाज के लिए दवाई , गरीब व लावारिस मैय्यत के कफन-दफन का इंतजाम भी किया जा रहा है। अलीम सिद्दीकी ने भी कमेटी के काम पर रोशनी डाली। आयोजन में मुहम्मद जफर, रिसाली मदरसा से मौलाना जमील, हाफिज़ मंजर, भिलाई मुस्लिम वेलफेयर कमेटी से एडवोकेट अजहर अली, अल मदद कमेटी की सदर अंजुम खान, इमदाद कमेटी अध्यक्ष डॉ अमरीन, एजाज़ सिद्दीकी, शाहीन, यास्मिन नाज, ए.यू. खान, ज़रिया वेलफेयर सोसाइटी से नावेद अली, एसआईओ से इमरानर अजीज, समाज सेवी सज्जाद हुसैन , शकील खान , ज़मीर और साहिल सहित समाज के अन्य लोगों का योगदान रहा।



## ज्योतिष

### समसप्तक राजयोगः इन राशियों का आएगा सुनहरा समय, अटका हुआ पैसा मिलेगा



आने वाले समय में होने वाले ग्रहों के संयोग का किस राशि पर क्या प्रभाव पड़ेगा? मई का महीना शुरू चुका है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह महीना विशेष रहेगा। बृहस्पति तीव्र गति से पारगमन करेगा। राहु-केतु राशि परिवर्तन करेंगे। इसके अलावा, नौ ग्रहों में से 6 इसी महीने में गोचर करेंगे। कहा जा रहा है कि इसका न सिर्फ राशियों पर बल्कि देश-दुनिया पर भी व्यापक असर पड़ सकता है।

**मेषः** मित्रों, रिश्तेदारों या सरकार की मदद से लंबे समय से लंबित कार्य पूरा होने की प्रबल संभावना है। कार्यस्थल पर अनुकूल परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। काम में गति आ सकती है। विपक्ष समर्थन देना शुरू कर देगा। आप किसी शुभ या पारिवारिक आयोजन में भाग ले सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

**वृषभः** आय में वृद्धि हो सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। इस अवधि में सामाजिक दायरा बढ़ेगा। नये मित्रों या सम्बन्धों से लाभ होगा। कार्यस्थल या व्यवसाय में टीम परियोजनाओं और समूह गतिविधियों में सफलता मिलने की संभावना है।

**मिथुनः** कार्य व व्यापार में प्रगति प्राप्त हो सकती है। बेरोजगारों को नौकरी मिल सकेगी। साथ ही इस अवधि में जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी। कार्यस्थल पर सम्मान एवं पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंहः** योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ेंगी। शुभचिंतकों या प्रभावशाली लोगों की मदद से किसी पुरानी समस्या या लंबित मामले का समाधान संभव होगा। मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुष्टि प्राप्त की जा सकती है। यह अवधि आर्थिक रूप से लाभकारी रहने की संभावना है। आय के नए स्रोत बनेंगे। फंसा हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है।

**तुलाः** लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का अंत हो सकता है। आप विरोधियों को पराजित कर सकते हैं। कार्यस्थल पर प्रभुत्व रहेगा। आपको अपनी कड़ी मेहनत का फल मिल सकता है। कार्यस्थल पर स्थिति मजबूत हो सकती है। आलस्य त्यागने के कई लाभ हैं।

**वृश्चिकः** भाग्य के सहयोग से कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। जिस कार्य के लिए आपने पूर्व में अथक प्रयास किए हैं, उसमें वांछित सफलता मिलने की संभावना है। जमीन या संपत्ति से जुड़े कामों में विशेष लाभ मिल सकता है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की सोच रहे हैं तो यह समय अनुकूल हो सकता है। यह सौदा आर्थिक रूप से लाभदायक हो सकता है।

**मकरः** आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताने में सफल होंगे। उच्च शिक्षा से संबंधित परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों से पूर्ण सहयोग मिल सकता है।

**कुंभः** भाई-बहनों और करीबी दोस्तों के साथ आप अच्छा समय बिता पाएंगे। इस राशि पर साढ़ेसाती का अंतिम चरण शुरू हो रहा है। इस राशि के लोगों के जीवन में चल रही परेशानियां अब समाप्त हो सकती हैं। आप संचार कौशल के माध्यम से सफल हो सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**मीनः** व्यक्तित्व में निखार आएगा। विवाहित लोगों का वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी को पदोन्नति मिल सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव हो सकते हैं।

### बृहस्पति का गोचरः इन राशियों को होगा लाभ सहित देश दुनिया पर भी होगा प्रभावी



नवग्रहों में सबसे महत्वपूर्ण राशि परिवर्तन मई माह में होगा। नवग्रहों में गुरु माने जाने वाले बृहस्पति वृषभ राशि से मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। बृहस्पति एक राशि में लगभग एक वर्ष तक रहता है। हालाँकि, कई वर्षों के बाद, हम बृहस्पति का पारगमन देखेंगे। सूर्य अपने पारगमन के दौरान बृहस्पति के करीब से गुजरेगा। इसलिए बृहस्पति आक्रामक तरीके से गोचर करेगा।

**वृषभः** बृहस्पति का तीव्र गति से गोचर अनुकूल हो सकता है। इस अवधि में समय-समय पर अचानक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और धन निवेश करने का यह सही समय है। प्रेम संबंधों में स्थिरता आएगी और विवाहित जोड़ों के बीच प्रेम बढ़ेगा। इस अवधि में मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। बनाई गई योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुनः** जीवन में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आध्यात्म की ओर रुझान रहेगा। आप धार्मिक मामलों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रह सकती है। लंबे समय से चले आ रहे आर्थिक संकट से राहत मिल सकती है। यात्रा के दौरान कई संयोग घटित हो सकते हैं। सुखद घटनाएँ घटित हो सकती हैं।

**कन्याः** बृहस्पति का तीव्र गति से गोचर सकारात्मक हो सकता है। अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। कार्य व व्यापार में विशेष प्रगति प्राप्त हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। आय में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ हो सकता है। बेरोजगारों को नौकरी मिल सकेगी। आप कोई वाहन या संपत्ति खरीद सकते हैं।

**तुलाः** बृहस्पति का तीव्र गति से गोचर शुभ हो सकता है। आप भाग्यशाली हो सकते हैं। आप किसी धार्मिक या शुभ आयोजन में भाग ले सकते हैं। आप यात्रा पर जा सकते हैं।

---

पुदीने की तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में खासतौर से फायदेमंद होती है

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है पुदीना कई समस्याओं से दिलाए निजात

पुदीना एक ऐसा पौधा है, जिसका उपयोग कई तरह की समस्याओं के इलाज में किया जा सकता है। यह न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी दे सकता है। पुदीना में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और सूजन को कम करने वाले गुण शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा पुदीने की तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में खासतौर से फायदेमंद होती है। आइए पुदीने के कुछ प्रमुख फायदे जानते हैं।



### पाचन क्रिया को सुधारने में है सहायक

पुदीना पाचन क्रिया के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो पेट की नलियों को आराम देकर पाचन को सुधारने का काम करता है। इसके अलावा पुदीने की तासीर ठंडी होती है, जो पेट की गर्मी को शांत करने में मदद करती है। अगर आप रोजाना पुदीने की चाय पीते हैं तो इससे आपके पाचन तंत्र की कार्यक्षमता बढ़ती है और खाना अच्छे से पचता है।

### सांसों की बदबू को दूर करने में है कारगर

पुदीने की तासीर ठंडी होती है, जिस वजह से यह मुंह की दुर्गंध को दूर करने में मदद कर सकता है। अगर मुंह की दुर्गंध दूर करने के लिए पुदीने की चाय का सेवन किया जाए तो यह बहुत ही फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके लिए पुदीने की चाय बनाते समय इसमें थोड़ा-सा दालचीनी पाउडर मिलाकर पीएं। इससे मुंह की दुर्गंध दूर होगी और सांसों में ताजगी बनी रहेगी।

### त्वचा के लिए है फायदेमंद

पुदीने का तेल त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण त्वचा को ताजगी देते हैं और नमी बनाए रखते हैं। अगर आप नियमित रूप से पुदीने का तेल लगाते हैं तो आपकी त्वचा मुलायम बनी रहती है। इसके अलावा पुदीने के तेल का इस्तेमाल करने से त्वचा की समस्याएं जैसे कि मुंहासे, झाइयां आदि भी कम होती हैं। इसलिए इसे अपने दिनचर्या में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

### तनाव और अनिद्रा से दिलाएगा छुटकारा

पुदीने की खुशबू तनाव को कम करने का काम करती है। अगर आप पुदीने की खुशबू सूंघते हैं तो इससे आपका दिमाग शांत होता है और आप बेहतर महसूस करते हैं। इसके अलावा पुदीने की तासीर ठंडी होती है, जो अनिद्रा की समस्या को दूर करने में मदद कर सकती है। अगर आप सोने से पहले पुदीने की चाय पीते हैं तो आपकी नींद अच्छी आती है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

---



## चेहरे पर आ गया अनचाहा तिल या मस्सा, तो हटाने के लिए अपनाएं यह घरेलू नुस्खा

अगर चेहरे पर सही जगह तिल हो तो सुंदरता बढ़ जाती है लेकिन कई बार चेहरे पर ज्यादा बड़े तिल या मस्से आपकी खूबसूरती को खराब भी कर देते हैं। ऐसे में लोग तरह-तरह के मार्केट में मिल क्रीम लगाने लगते हैं। वहीं कई लोग सर्जरी कराने की सोचते हैं। अगर आप चेहरे पर हो रहे इन मस्से से ज्यादा परेशान है तो यहां बताने जा रहे है होम मेड यानी की घरेलू नुस्खे, जो त्वचा की समस्या से छुटकारा दिला सकते हैं। आइये जानते शानदार घरेलू टिप्स।

### अरंडी का तेल और बेकिंग सोडा

अरंडी का तेल मस्सों को हटाने सहित त्वचा की कई समस्याओं को हल करने में मदद करता है। बेकिंग सोडा की बात करें तो यह त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और मस्सों को धीरे-धीरे दूर करता है। अरंडी के तेल की कुछ बूंदें लें और इसमें एक चुटकी बेकिंग सोडा मिलाएं। इसके बाद अपना चेहरा धो लें और मिश्रण को तिल या मस्से पर लगाएं। इसे रात भर या कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। इसे कुछ दिनों के लिए इसी तरह लगाएं और फिर आपको इसका असर दिखेगा।



### शहद और फ्लैक्ससीड ऑयल

शहद को फ्लैक्ससीड ऑयल के साथ मिलाने से मस्से जल्दी ठीक हो जाते हैं। शहद त्वचा को पोषण भी देता है। इसे लगाने का आसान तरीका है। मस्सों पर शहद और फ्लैक्ससीड ऑयल की 3-4 बूंदों के मिश्रण की एक मोटी परत लगाएं। इसे चेहरे पर घंटों तक लगा रहने दें। फिर इसे धोकर सुखा लें। आपकी त्वचा पर मस्से खत्म हो जाएगी।

**आलू का रस** – आलू में सल्फर, फॉस्फोरस और क्लोरीन होते हैं। ये तत्व तिल और दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करते हैं। इसमें एंजाइम भी होते हैं जो मस्सों को सिकोड़ते हैं। सबसे पहले आलू के स्लाइस काट लें और सोने से पहले प्रभावित जगह पर लगाएं। आप आलू को मस्सों पर लगाने के लिए उसकी प्यूरी या कद्दूकस भी कर सकते हैं। मस्सों को जल्दी हटाने के लिए आपको पेस्ट को दिन में दो बार, दस मिनट के लिए लगाना चाहिए।

**अनन्नास का रस** – अनानस का रस अशुद्धियों और मृत कोशिकाओं को साफ करने के लिए एक बेहतरीन मलहम के रूप में काम करता है। इसके रस में मौजूद एंजाइम और साइट्रिक एसिड पाया जाता है। इस वजह से चेहरे के बड़े तिल या मस्से हट जाते हैं। इसे एक रूई को ताजे अनानास के रस में भिगो दें। इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और चिपकने वाली पट्टी या टेप से ढक दें। इसे कुछ घंटों के लिए तिल पर लगा रहने दें और सामान्य पानी से धो लें। जल्द रिजल्ट के लिए प्रक्रिया को नियमित रूप से दोहराएं।

**प्याज का रस** – प्याज का रस भी मस्सों को दूर करने में बहुत अच्छा है। इसे एक प्याज को बारीक पीस लें। इसे तिल पर धीरे से लगाएं। इसे आधे घंटे से अधिक समय तक लगा रहने दें, फिर ठंडे पानी से धो लें। आप मस्सों को दूर करने के लिए बराबर अनुपात में थोड़ा सा नमक या सेब का सिरका भी मिला सकते हैं।

---

## इस मौसम में खाएं पका हुआ कटहल शरीर से कोसों दूर रहेंगी कई बीमारियां

क्या आपने पका हुआ कटहल खाया है। नहीं तो खा लें क्योंकि ये इस मौसम के कुछ सबसे हेल्दी फलों में से एक है। जी हां, ये मौसम कटहल का है और इस मौसम में आपको पका हुआ कटहल जरूर खा लेना चाहिए। दरअसल, इस फल में न सिर्फ फाइबर और रफेज की अच्छी मात्रा होती है बल्कि, इसमें कई ऐसे कैरोटीनॉयड और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कि सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है।

### पका हुआ कटहल खाने के फायदे –

**डायबिटीज में फायदेमंद है पका हुआ कटहल :** आपका शरीर कटहल को अधिक धीरे-धीरे पचाता और अवशोषित करता है, जो कि डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत जरूरी है। यानी कि कटहल का फल लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला है जो कि ब्लड शुगर मैनेज करने के साथ, शुगर स्पाइक को रोकता है।

**कब्ज में फायदेमंद है कटहल :** कटहल फाइबर का एक अच्छा स्रोत है, इसलिए यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करने में मदद कर सकता है। साथ ही ये आपके मल त्याग को नियमित रखने में भी मददगार है जिससे कब्ज की समस्या परेशान नहीं करती है।

**हाई बीपी में कटहल :** हाई बीपी के मरीजों के लिए पोटेशियम से भरपूर



फूड्स का सेवन फायदेमंद होता है। ऐसे में कटहल जो कि पोटेशियम से भरपूर है आपके ब्लड वेसेल्स को चौड़ा करने में मदद करता है और ब्लड प्रेशर बढ़ने से रोकता है।

**अल्सर :** कटहल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स पेट में अल्सर की समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये मुंह के छालों को रोकते हैं और पाचन तंत्र के काम काज को बेहतर बनाते हैं। साथ ही ये फल पेट का पीएच बैलेंस करने में भी मददगार है। तो, अगर आपको ये तमाम फायदे चाहिए तो आपको कटहल का फल खाना चाहिए।

---

## आम से बनाई जा सकती हैं ये खट्टे-मीठे स्वादिष्ट व्यंजन, जानें तरीके

गर्मियों में आम का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व भी होते हैं। आम से कई तरह के व्यंजन बनाए जा सकते हैं, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकते हैं। इस लेख में हम आपको आम से बनाई जाने वाली कुछ चीजों की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं और अपने खाने का आनंद ले सकते हैं।



**आम की खट्टी-मीठी चटनी :** आम की खट्टी-मीठी चटनी एक पारंपरिक भारतीय व्यंजन है, जिसे आम से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को छोटे टुकड़ों में काटकर उसमें गुड़, नमक और मसाले मिलाए जाते हैं। यह चटनी रोटी या पराठे के साथ बहुत अच्छी लगती है। इसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ खा सकते हैं। इसका स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है, जिससे यह हर घर की पसंदीदा चटनी बन जाती है।

**आम का अचार :** आम का अचार बिना भारतीय खाने की थाली अधूरी मानी जाती है। इसे बनाने के लिए कच्चे आम को टुकड़ों में काटकर उसमें सरसों का तेल, नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और अन्य मसाले मिलाए जाते हैं। इस अचार को धूप में कुछ दिनों तक रखा जाता है ताकि सारे मसाले अच्छे से मिल जाएं। यह अचार लंबे समय तक टिकता है और खाने का स्वाद बढ़ा देता है। इसे आप रोटी या पराठे के साथ खा सकते हैं।

**आम का दही :** गर्मियों में ठंडा-ठंडा आम का मीठा दही पीना बहुत ही ताजगी भरा अनुभव है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को मिक्सर में पीसकर उसमें दही, शक्कर और थोड़ा-सा पानी डालकर अच्छे से मिलाया जाता है। यह पेय न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें प्रोटीन और विटामिन्स भी होते हैं। इसे आप किसी भी समय पी सकते हैं। यह आपके शरीर को ठंडक पहुंचाता है और गर्मी से राहत दिलाता है।

**आम का हलवा :** आम का हलवा एक मिठाई है, जिसे खास मौकों पर बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को कद्दूकस करके घी में भून लिया जाता है, फिर उसमें चीनी, इलायची पाउडर और सूखे मेवे मिलाए जाते हैं। यह हलवा बहुत ही स्वादिष्ट होता है और सभी को पसंद आता है। इसे आप किसी भी खास मौके पर बना सकते हैं और अपने मेहमानों को खुश कर सकते हैं।

**आम की कुल्फी :** गर्मियों में ठंडा-ठंडा आम की कुल्फी खाना बहुत ही मजेदार अनुभव है। इसे बनाने के लिए पके हुए आम को मिक्सर में पीसकर उसमें क्रीम, दूध और चीनी मिलाई जाती है, फिर इस मिश्रण को कुल्फी के सांचे में भरकर ठंडा होने रखा जाता है।

---

कार्नर न्यूज

स्किन को रौनक बढ़ाने के साथ कई समस्याओं को भी कम करने में मददगार

# गर्मियों में इन कारणों से चेहरे पर लगाएं बर्फ जानें इस्तेमाल का तरीका और फायदे

गर्मियों में लोगों को स्किन टैनिंग और रेडनेस की समस्या लगातार परेशान करती है। ऐसे में बर्फ लगाना, आपकी स्किन के लिए कई प्रकार से काम कर सकता है। दरअसल, स्किन के लिए ऐसा करना न सिर्फ आरामदायक है बल्कि, स्किन को रौनक बढ़ाने के साथ आपकी त्वचा की कई समस्याओं को भी कम करने में मददगार है। इसके अलावा भी स्किन के लिए चेहरे पर बर्फ लगाने के कई फायदे हैं। आइए, जानते हैं इस बारे में विस्तार से।



### झूलसी हुई त्वचा के लिए आरामदेह

झूलसी हुई त्वचा के लिए चेहरे पर बर्फ लगाना कई प्रकार से फायदेमंद है। ये आपकी स्किन को पहले अंदर से ठंडा करता है और डैमेज स्किन को रिहाइड्रेट करता है। इसके अलावा ये धूप के कारण चेहरे पर दिखती रेडनेस को कम करता है और स्किन के टैक्सचर को सही करता है।

### सनटैन को कम करने में मददगार है

गर्मियों में लोग सनटैन से सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। इसकी वजह से आपकी स्किन डल और बदरंग नजर आ सकती है। ऐसे में चेहरे पर बर्फ लगाना, इसल सनटैन को कम करने में मददगार है। इतना ही नहीं ये स्किन के अंगर ब्लजड सर्कुलेशन को सही करता है, कोलेजन बढ़ता जिससे सनटैन में कमी आती है।

### स्किन की कई समस्याओं का इलाज

अगर आपकी स्किन ड्राई है या एक्ने की समस्या है तब भी बर्फ लगाना आपके लिए फायदेमंद है। ये आपकी स्किन को अंदर से रिहाइड्रेट करता है और ठंडक एक्ने की जलन व खुजली को कम करता है। इस प्रकार से स्किन के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है।



### चेहरे पर बर्फ लगाने का तरीका-

बर्फ के टुकड़ों को सीधे त्वचा पर लगाना थोड़ा नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि इससे जलन हो सकती है। इसके बजाय, एक मुलायम सूती कपड़े में लगभग चार या पांच बर्फ के टुकड़े लें और उन्हें बांध लें। दिन में दो बार लगभग दो मिनट इससे चेहरे की मालिश करें। इस तरह करना स्किन के लिए फायदेमंद है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'थंडरबोल्ट्स' की पोस्ट-क्रेडिट सीन पर हुआ बड़ा खुलासा, 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से है कनेक्शन



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थंडरबोल्ट्स*' को लेकर फैंस में उत्साह चरम पर है। हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स खासकर रेडिट पर फिल्म की पोस्ट-क्रेडिट सीन को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। कई फैंस का मानना था कि यह सीन न केवल 'फैंटास्टिक फोर' की एंट्री का संकेत देता है, बल्कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से भी जुड़ा है। अब फिल्म के निर्देशक जेक श्रेयर ने एक इंटरव्यू में इन अटकलों को सच करार दिया है। जेक श्रेयर ने एंटरटेनमेंट वीकली को दिए इंटरव्यू में पुष्टि करते हुए कहा कि थंडरबोल्ट्स* का अंतिम पोस्ट-क्रेडिट सीन वास्तव में 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए बनाया गया था। यह सीन हाल ही में जोड़ा गया और यह भविष्य की कहानी का संकेत देता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या न्यू एवेंजर्स सबसे पहले 'फैंटास्टिक फोर' से मिलेंगे तो उन्होंने साफतौर पर जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, आप जितना जानते हैं, उतना ही मैं जानता हूं। मैं उस सीन के सेट पर था, लेकिन मैंने इसे निर्देशित नहीं किया। यह उस फिल्म का हिस्सा है, जिसका प्रोडक्शन सोमवार से शुरू हो रहा है। श्रेयर ने कहा कि वॉचटावर में फिल्माया गया आखिरी शॉट भीमहीने ही शूट किया गया। उन्होंने कहा, मैं वहां मौजूद था और इसे देखकर बहुत खुश हुआ।

### टॉलीवुड

## जेलर 2 में इस हीरो की एंट्री, पुलिस वाला बनने के लिए मिल रहे 50 करोड़



थलाइवर रजनीकांत के साथ नेल्सन दिलीपकुमार की आने वाली फिल्म जेलर 2 इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। जहां रजनी और राम्या कृष्णन अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, वहीं सीक्वल में शिव राजकुमार और मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों के सुपरस्टार कैमियो करेंगे। खैर, हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि डाकू महाराज फेम नंदमुरी बालकृष्ण कैमियो के रूप में सबसे नए जोड़े जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बालकृष्ण एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, कथित तौर पर उन्हें बहुत बड़ी रकम दी जा रही है। बालकृष्ण जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म के निर्माता, सन पिक्चर्स ने उन्हें एक छोटे शेड्यूल के लिए मोटी रकम देने पर सहमति जताई है। एक सूत्र ने बताया कि नंदमुरी बालकृष्ण ने जेलर 2 के लिए 20 दिन का शेड्यूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बालकृष्ण ने 20 दिन के शेड्यूल के लिए 50 करोड़ रुपए मांगे और निर्माता बिना किसी हिचकिचाहट के इसके लिए राजी हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की यूनिट के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि बालकृष्ण कैमियो के लिए आ रहे हैं। कथित तौर पर, उनकी भूमिका एक शक्तिशाली होगी.हालांकि, बालकृष्ण की भूमिका कैमियो से ज्यादा एक गेस्ट के तौर पर होगी, सूत्र ने ये भी दावा किया है कि फिल्म में प्रशंसकों को उनका किरदार पसंद आएगा। वहीं, अगर रिपोर्ट्स की मानें तो बालकृष्ण कैमियो रोल के लिए सबसे ज्यादा पैसे लेने वाले अभिनेता बन गए हैं।

### भोजपुरी

## कसाई पाकिस्तान... 'ऑपरेशन सिंदूर' पर धड़ाधड़ बन गए 10 भोजपुरी गाने



भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल बरकरार है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हिंदुस्तान के ऑपरेशन सिंदूर ने पड़ोसी मुल्क की कमर तोड़ दी है। इस बीच भोजपुरी संगीत की दुनिया ने भी सेना के जज्बे और वीरता को अपनी कला से सलाम करने का काम किया है। यूट्यूब पर एक के बाद एक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर धड़ाधड़ भोजपुरी गाने रिलीज हो रहे हैं। सुपरस्टार सिंगर पवन सिंह से लेकर समर सिंह जैसे दिग्गजों के इन गीतों को जमकर देखा और सुना भी जा रहा है। जनता इन गीतों के कॉमेंट सेक्शन में भारत माता की जय के नारे लगा रही है। यह गीत देश के जांबाज सैनिकों को समर्पित है, जो पाकिस्तान की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। गाने में पवन सिंह पाकिस्तान की तुलना कसाई से कर रहे हैं और इस बार उसे सबसे बड़ा सबक सिखाने की बात कर रहे हैं। पवन सिंह के इस गाने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बोल किशोर दुलारुआ ने लिखे हैं। जबकि संगीत से सजाने का काम गौतम यादव ने किया है। इस गाने का अभी ऑडियो वर्जन ही रिलीज हुआ है। जबकि सुपरस्टार के फैंस ने इसे खबर लिखे जाने तक 1.35 लाख से अधिक बार सुना जा रहा है। इसी तरह सिंगर समर सिंह ने भी अपना गाना 'सिंदूर के लड़ाई' रिलीज किया है। इसे उन्होंने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गीत के बोल आलोक यादव और राणा सिंह ने लिखे हैं। जबकि संगीत से सजाने का काम अभिराम पांडे ने किया है।

## मिस वर्ल्ड 2025 का आगाज

### लाइफ स्टाइल




72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का भव्य आगाज हैदराबाद में 11 मई को हुआ। इसमें भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश सहित कुल 110 देश शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को रंगीन प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया। पारंपरिक लोकगीतों और जनजातीय नृत्यों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 110 देशों से आई प्रतियोगियों का पारंपरिक अंदाज में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में न सिर्फ सुंदरता को, बल्कि प्रतिभा, सेंस ऑफ ह्यूमर, स्टाइल, और सामाजिक संवेदनशीलता को भी परखा जाता है। 2025 संस्करण में 110 देशों की खूबसूरत और टैलेंटेड महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। भारत तीसरी बार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 1996 और 2024 में यह आयोजन भारत में हुआ था।

## हर नई दुल्हन के पास होने चाहिए सिर पर पहने जाने वाले ये आकर्षक व सुंदर आभूषण

भारतीय महिलाओं का शादी का श्रृंगार बिना गहनों के अधूरा रहता है। वे अपने लुक में चार-चांद लगाने के लिए हार, बालियां, कंगन, चूड़ियां, पायल और नथ जैसे जेवरात पहनती हैं, जो उन्हें किसी महारानी जैसा महसूस करवाते हैं। पिछले कुछ सालों से महिलाएं सिर पर पहनने वाले जेवरों को भी चाव से पहनने लगी हैं, जिनमें बोरला से लेकर माथापट्टी तक, कई पीसेज शामिल होते हैं। हर दुल्हन के पास सिर पर पहनने वाले ये गहने जरूर होने चाहिए।

**मांग टीका :** दुल्हन के आभूषणों में मांग टीका बेहद अहम होता है, जो सिर पर पहना जाता है। इसमें आगे की ओर नग, मोती या रत्नों से सजी हुई लटकन लगी होती है और इसे चेन की मदद से बालों में लगाया जाता है। भारत में कई अलग-अलग प्रकार के मांग टीके मिलते हैं, जिनमें से एक आप अपने लुक के मुताबिक चुन सकती हैं। आप राजस्थानी बोरला पहन सकती हैं, गुजराती दमानी ले सकती हैं या



झूमर सजा सकती हैं।

**माथापट्टी :** माथापट्टी शब्द 2 शब्दों से मिलकर बनता है, जिसमें 'माथा' का मतलब सिर और 'पट्टी' का मतलब पट्टा या बैंड होता है। यह सिर पर सजाया जाने वाले गहना है, जो मुकुट के समान नजर आता है। इस आभूषण को पारंपरिक रूप से दक्षिण भारत या राजस्थान की दुल्हन पहनती हैं। इसमें एक पतली चेन लगाई जाती है, जिससे एक बड़े आकार का पेंडेंट लटका होता है। साथ ही, इसके बीच-बीच में भी नग और मोती लगे होते हैं।

### टोपर

बंगाली दुल्हन टोपर नाम का एक पारंपरिक गहना पहनती हैं, जो असल में एक मुकुट होता है। यह एक शंक्वाकार सिर का गहना होता है, जो बंगाली हिंदू विवाह समारोह के दौरान दूल्हे द्वारा भी पहना जाता है। टोपोर आमतौर पर शोला से बना होता है और सफेद रंग का होता है। इसे सौभाग्य और खुशी का प्रतीक माना जाता है। इन दिनों कई दुल्हन शादी के दिन सोने या चांदी से बना टोपर भी पहनना पसंद करती हैं।

### चोटी में लगाने वाले जेवर

आज-कल की दुल्हन शादी के दिन बालों का जूड़ा बनाने से ज्यादा चोटी बनाना पसंद करती हैं। चोटी को सजाने के लिए वे इसपर लगाए जाने वाले जेवर पहनती हैं, जो इन दिनों बेहद ट्रेंड में हैं। ये जेवर फूलों वाली डिजाइन समेत कई अन्य डिजाइन में आते हैं और इनमें नग, रत्न और मोती आदि लगे होते हैं। आप इस आभूषण को त्योहारों या अन्य समारोहों के दौरान भी पहन सकती हैं, इसीलिए इसे खरीदना एक अच्छा निर्णय होगा।

## हर महिला के पास होनी चाहिए ये स्कर्ट लुक में चार चांद लगाने में करेंगी मदद

फैशन



स्कर्ट एक ऐसा परिधान है, जो हर महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि खूबसूरत भी दिखती है। अलग-अलग अवसरों के लिए अलग-अलग प्रकार की स्कर्ट चुनना सही रहता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसी स्कर्ट के बारे में बताएंगे, जो हर महिला के पास होनी चाहिए और जिनसे वह हर मौके पर खास दिख सकती है। इन स्कर्ट्स को आप आसानी से अपने कपड़ों में शामिल कर सकती हैं।

**पेंसिल स्कर्ट :** पेंसिल स्कर्ट एक बेहतरीन विकल्प है, जो दफ्तर और औपचारिक आयोजनों के लिए सही है। यह स्कर्ट शरीर के आकार को दर्शाती है और इसे पहनकर आप पेशेवर लुक पा सकती हैं। पेंसिल स्कर्ट को अलग-अलग ब्लाउज या शर्ट के साथ पहना जा सकता है, जिससे आपका लुक हमेशा नया और आकर्षक लगेगा। इस स्कर्ट को पहनने से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और आप हर मौके पर बेहतरीन दिखती हैं।

**मैक्सी स्कर्ट :** मैक्सी स्कर्ट लंबे आकार की होती है, जो गर्मियों में बहुत आरामदायक होती है। इसे रोजमर्रा के उपयोग के लिए या किसी छोटे-मोटे उत्सव में पहना जा सकता है। मैक्सी स्कर्ट को हल्के ब्लाउज के साथ पहना जा सकता है। यह स्कर्ट आपको लंबा और पतला दिखाती है, जिससे आपका लुक बेहद खास लगता है। इसके साथ सैंडल या फ्लैट पहनें और हल्के गहने लगाएं ताकि आपका लुक पूरा हो सके।

**फ्लेयर्ड स्कर्ट :** फ्लेयर्ड स्कर्ट ऊपर से तंग और नीचे से खुली होती है, जिससे यह घूमने पर बहुत सुंदर लगती है। इसे पार्टी या किसी खास मौके पर पहना जा सकता है। फ्लेयर्ड स्कर्ट को हल्के ब्लाउज के साथ पहना जा सकता है। इस तरह की स्कर्ट पहनने से आपका लुक न केवल आकर्षक लगेगा बल्कि आप पूरी रात आरामदायक महसूस करेंगी। इसके साथ हील्स पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे।

**मिनी स्कर्ट :** मिनी स्कर्ट युवा महिलाओं के बीच बहुत लोकप्रिय होती जा रही है। इसे दोस्तों के साथ घूमने जाते समय पहना जा सकता है। मिनी स्कर्ट को टॉप के साथ पहना जा सकता है। इसके साथ आरामदायक जूते या फ्लैट चप्पलें अच्छी लगती हैं। मिनी स्कर्ट पहनने से आपका लुक न केवल आकर्षक लगेगा बल्कि आप पूरी रात आरामदायक महसूस करेंगी। यह स्कर्ट आपको आत्मविश्वास भी देती है।

**एलाइन स्कर्ट :** एलाइन स्कर्ट ऊपर से चौड़ी होती है, जिससे यह हर प्रकार की शरीर की बनावट पर अच्छी लगती है। इसे दफ्तर, कॉलेज या किसी छोटे-मोटे उत्सव पर पहना जा सकता है। एलाइन स्कर्ट को टॉप या शर्ट के साथ पहना जा सकता है। इसके साथ हील्स पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे।

## काली रंग की कुर्तियों को स्टाइल करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

काली रंग की कुर्तियां महिलाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। ये न केवल पारंपरिक हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। काली रंग की कुर्तियों को सही तरीके से पहनने पर आप किसी भी अवसर पर आकर्षक दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी काली रंग की कुर्तियों को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं। इन टिप्स से आपका लुक हर बार नया दिखेगा।

**पारंपरिक लुक के लिए चूड़ीदार पहनें :** पारंपरिक लुक के लिए काली कुर्तियों के साथ चूड़ीदार पहनना एक बेहतरीन तरीका है। इससे आपका लुक न केवल पारंपरिक लगेगा, बल्कि बहुत ही आकर्षक भी दिखेगा। आप अपनी काली कुर्तियों को चूड़ीदार के साथ मेल कर सकती हैं या विपरीत रंग की चूड़ीदार पहन सकती हैं। इसके साथ हल्की एक्सेसरीज का उपयोग करें, जैसे कि छोटे झुमके और पतली चूड़ियां। इससे आपका लुक पूरा और संतुलित लगेगा।

**जींस के साथ पहनें :** अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो अपनी काली कुर्तियों को जींस के साथ पहनें। यह मेल आपको एक आधुनिक और मिश्रित लुक देगा। आप अपनी काली कुर्तियों को हल्की या गहरी नीली जींस के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ आरामदायक जूते पहनें ताकि आपका लुक सहज रहे। यह स्टाइल आपको खास मौकों पर भी आकर्षक दिखाने में मदद करेगा और आपको आत्मविश्वास देगा।

**लहंगा या स्कर्ट के साथ बनाएं शाही अंदाज :** अगर आप किसी खास मौके पर शाही अंदाज अपनाना चाहती हैं तो अपनी काली कुर्तियों को लहंगा या लंबी स्कर्ट के साथ पहनें। यह मेल आपको एक राजकुमारी जैसा महसूस कराएगा और हर किसी की नजरें आप पर टिक जाएंगी। इसके साथ हल्के गहनों का उपयोग करें, जैसे कि झुमके और चूड़ियां।



## फैशन जगत में हो रही कमर की चेन की चर्चा, जानिए इसे स्टाइल करने के तरीके

महिलाएं अपना श्रृंगार करने के लिए कई तरह के आभूषण पहनती हैं, जो अलग-अलग अंगों की शोभा बढ़ाते हैं। हालांकि, इन दिनों एक खास तरह का जेवर महिलाओं का पसंदीदा बन रहा है, जिसे कमरबंद या कमर वाली चेन कहते हैं। यह आभूषण प्राचीन समय से रानियों के श्रृंगार का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन अब इसकी लोकप्रियता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने लगी है। आज के फैशन टिप्स में कमर की चेन को स्टाइल करने के तरीके जानें।

**साड़ी के साथ पहनें :** प्राचीन समय में भारतीय महिलाएं कमरबंद पहना करती थीं, जिसका चलन समय के साथ कम होता गया। हालांकि, जैसे-जैसे पश्चिमी देशों में इसका ट्रेंड बढ़ने लगा, वैसे-वैसे



भारतीय महिलाएं भी इसे दोबारा अपनाने लगीं। कमर की चेन को पारंपरिक तरीके से स्टाइल करने के लिए आप उसे साड़ी पर पहन सकती हैं। साड़ी को बांधने के बाद कमर के पास यह चेन पहन लें और पल्लू को उसके नीचे टक कर लें।

**क्रॉप टॉप और लो वेस्ट जींस के साथ स्टाइल करें :** पश्चिमी देशों में कमर की चेन को महिलाएं क्रॉप टॉप और जींस के साथ पहनना पसंद कर रही हैं। इस आभूषण की असली सुंदरता को निखारने के लिए आपको लो वेस्ट जींस का चुनाव करना चाहिए। क्रॉप टॉप और जींस पहनने पर थोड़ा सा पेट दिखता है, जिसपर आपको अपनी कमर की चेन बांधनी चाहिए। यह लुक कॉलेज, पार्टी और पिकनिक आदि के लिए अच्छा रहता है। कैप्री पैंट को स्टाइल करने के लिए आप ये टिप्स अपना सकती हैं।

**स्कर्ट के साथ लगेगी शानदार:** इन दिनों स्कर्ट पहनने का भी चलन है, जिनके साथ कमर की चेन सबसे सुंदर लगती हैं। सफेद रंग की लंबी स्कर्ट पहनें और उसके साथ पारंपरिक लुक वाला टॉप या शार्ट कुर्ती स्टाइल करके कमर की चेन सजाएं।

## कार्नर न्यूज

### मां हमें दुनिया में लाकर सबसे बड़ा तोहफा देती हैं, लेकिन खुद के लिए समय नहीं निकाल पाती

## आपके पास नहीं है सजने-संवारने का समय नई मां इस तरह करें अपना मेकअप

दुनियाभर में मातृ दिवस पर कार्यक्रम चल रहे हैं, जो मां को शुक्रिया कहने का मौका है। मां हमें दुनिया में लाकर सबसे बड़ा तोहफा देती हैं, लेकिन खुद के लिए समय नहीं निकाल पाती हैं। नई मां का सारा समय बच्चे की देखभाल करने में ही गुजर जाता है और सजना-संवारना तो उनके लिए नामुमकिन-सा हो जाता है। हालांकि, अगर आप इन मेकअप टिप्स के जरिए सजेंगी तो कम समय में भी आपको आकर्षक लुक मिल जाएगा।



### कंसीलर से दाग-धब्बे छुपाएं

बच्चे रातभर जागते हैं और दिनभर सोते हैं, इस कारण मां की नींद पूरी नहीं होती है। ऐसे में उनकी आखों के नीचे काले घेरे आ जाते हैं।आप बाहर जाते समय इन दागों को छुपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। अपनी रंगत से मेल खाता हुआ कंसीलर लेकर पूरे चेहरे पर लगाएं और थोड़ा हल्का कंसीलर आखों के नीचे लगाएं। इससे आखों के काले घेरे छुप जाएंगे और आपको कवरेज भी मिल जाएगी।

### लिपस्टिक रौनक बढ़ाएं

लाल या गुलाबी जैसे जीवंत रंगों वाली लिपस्टिक चेहरे की रौनक को बढ़ा देती है। अगर आपके पास बिलकुल भी समय न हो तो आप केवल लिपस्टिक लगाकर भी बाहर जा सकती हैं। होंठों पर लगाने के बाद थोड़ी-सी लिपस्टिक को अपने गलों पर लगाकर रगड़ लें। साथ ही, गुलाबी रंग की लिपस्टिक को आखों पर भी लगा लें। इससे एक ही उत्पाद के जरिए आपके गाल, होंठ और आखें, तीनों चमक जाएंगी।

### सनस्क्रीन लगाना न भूलें

घर से बाहर निकलते समय आपको अपनी त्वचा की देखभाल पर ध्यान देना बिलकुल नहीं भूलना चाहिए। इसके लिए एक लाइट वेट सनस्क्रीन खरीदकर रख लें, जिसे लगाकर आप सूरज की किरणों से सुरक्षित रह सकेंगी। नई मां के लिए सनस्क्रीन स्टिक खरीदना ज्यादा सहूलियत भरा होता है, जिसे आप मेकअप के ऊपर भी आसानी से लगा सकती हैं। इन दिनों बाजार में सनस्क्रीन स्प्रे भी मिलते हैं, जिन्हें केवल शरीर पर छिड़कना होता है।



### कॉम्पैक्ट पाउडर से पसीना रोकें

घर के काम करते-करते और बच्चे को संभालने-संभालते मां को पसीना आने लगता है। इसके कारण चेहरा मुरझाया हुआ दिखने लगता है और उसकी रौनक कम हो जाती है। ऐसे में आपको पसीना दूर करने के लिए एक अच्छी गुणवत्ता वाला कॉम्पैक्ट पाउडर इस्तेमाल करना चाहिए। यह उत्पाद चेहरे के निखार को बढ़ाने और उसे गोरा दिखने में भी मदद करता है। इस उत्पाद को लगाना बिलकुल भी मुश्किल नहीं होता है।

### मस्कारा से थकान छुपाएं

नींद की कमी से आखें सोई-सोई नजर आने लगती हैं। उन्हें बड़ा और सुंदर दिखने के लिए आपको मस्कारा लगाना चाहिए। इसकी मदद से आखों की थकान को छुपाना संभव हो सकेगा और पलकें भी बड़ी दिखाई देने लगेंगी। अगर आपके पास थोड़ा ज्यादा समय हो तो आप सुंदरता बढ़ाने के लिए आई लाइनर और काजल भी लगा सकती हैं।